शुक्रवार, 2 जनवरी 2026

**मौसम**

तापमान 14 – 25
आर्द्रता 49%
सूर्योदय: 06:17 सूर्यास्त: 17:04

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** खुद के पीछे हटने से अगर सबका भला हो तो पीछे हट जाना चाहिए।



आज समाज्ञा के साथ वर्ष 2026 का हिन्दी तिथि से युक्त वार्षिक कैलेण्डर बिल्कुल मुफ्त अपनी प्रति लेना न भूलें

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# बांग्लादेश: एक और हिंदू को जिंदा जलाने की कोशिश, चाकुओं से गोदकर डाला पेट्रोल

## तालाब में कूदकर बचाई जान

**ढाका :** बांग्लादेश में अज्ञात बदमाशों ने एक हिंदू कारोबारी पर बेरहमी से हमला किया, उसके शरीर पर धारदार हथियार से वार किये और फिर उसे आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के हवाले से बांग्ला दैनिक 'प्रोथोम आलो' ने बताया कि पीड़ित की पहचान 50-वर्षीय खोकोन चंद्र दास के रूप में हुई है, जिन पर बुधवार रात को शरीयतपुर जिले के डामुड्या में केउरभंगा बाजार के पास उस समय हमला किया गया जब वह अपनी दुकान बंद करके घर लौट रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए ढाका ले जाया गया। रपोर्ट के अनुसार, दवा की दुकान और मोबाइल बैंकिंग का व्यवसाय करने वाले दास एक ऑटो रिक्शा में यात्रा कर रहे थे, तभी हमलावरों ने वाहन को रोक लिया और कथित तौर पर उनकी पिटाई की, धारदार हथियारों से उन पर वार किये और फिर उनपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। खुद को बचाने की कोशिश में दास सड़क किनारे एक तालाब में कूद गए, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने शोर मचाया। पुलिस ने बताया कि हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाया और शरीयतपुर सदर अस्पताल ले गए, जहां उन्हें लगी चोट को देखते हुए ढाका रेफर कर दिया गया। शरीयतपुर सदर अस्पताल के आपातकालीन विभाग में कार्यरत चिकित्सक नजरुल इस्लाम ने बताया कि दास के शरीर पर कई चोटें आई हैं, जिनमें पेट में गंभीर घाव के साथ-साथ चेहरे, सिर और हाथों पर जलने के निशान भी शामिल हैं। पीड़ित की पत्नी सीमा दास ने कहा कि परिवार को समझ नहीं आ रहा कि उन्हें निशाना क्यों बनाया गया। उन्होंने दावा किया कि उनके पति ने दो हमलावरों को पहचान लिया था, इसी वजह से उन्हें मारने की कोशिश की गई। दमुद्या थाना प्रभारी मोहम्मद रबिउल हक ने बताया कि इस मामले में रब्बी और सोहाग नाम के दो लोगों को नामजद किया गया है।



## स्विट्जरलैंड के बार में लगी आग में 40 लोगों की मौत, 115 अन्य घायल

**क्रांस मोंटाना :** स्विट्जरलैंड के आल्प्स पर्वत शृंखला के एक बार में नए साल के जश्न के दौरान लगी आग में करीब 40 लोग मारे गए और 115 अन्य घायल हो गए, जिनमें से अधिकांश की हालत गंभीर है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने हादसे के तत्काल बाद मृतकों की सटीक संख्या की जानकारी नहीं दी थी। हादसे के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में वैलेस कैंटन के पुलिस कमांडर फ्रेडरिक गिस्लर ने बार में ''कई लोगों'' के मारे जाने की आशंका जताई थी और कहा था कि फिलहाल, आपको अधिक सटीक आंकड़ा देना जल्दबाजी होगी।

# 'बुरी ताकतों के आगे नहीं झुकेंगे'

## तृणमूल कांग्रेस के स्थापना दिवस पर ममता का संदेश

■ मुख्यमंत्री ने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का किया आह्वान

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका दल जनता के लिए संघर्ष करता रहेगा और किसी भी 'बुरी ताकतों' के सामने समर्पण नहीं करेगा। इस दिन, उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के स्थापना दिवस के मौके पर, मैं सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। तृणमूल कांग्रेस का सफर आज ही के दिन 1998 में मातृभूमि और लोगों की सेवा के मकसद से शुरू हुआ था। इस ऐतिहासिक सफर की मुख्य बातें मातृभूमि का सम्मान, बंगाल का विकास और लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा हैं।

आज भी हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता और समर्थक इस लक्ष्य के लिए अडिग और प्रतिबद्ध है। मैं उनके लगातार प्रयासों और बलिदानों का विनम्रतापूर्वक सम्मान करता हूं और उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। उन्होंने आगे लिखा कि तृणमूल कांग्रेस परिवार आज अनगिनत लोगों के आशीर्वाद, स्नेह और प्रार्थनाओं से भरा हुआ है। आपके अटूट समर्थन से, हम महान लोकतांत्रिक देश के हर व्यक्ति की लड़ाई में अडिग हैं। हम किसी भी बुरी ताकत के सामने नहीं झुकेंगे और आम लोगों के लिए



## बैंकों में वापस लौटे 2,000 रुपये के 98.41 प्रतिशत नोट: आरबीआई

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2,000 रुपये के कुल 98.41 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं और चलन से हटाए गए केवल 5,669 करोड़ रुपये मूल्य के नोट ही अब लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से हटाने की घोषणा की थी। केंद्रीय बैंक ने कहा, ''उन्नीस मई, 2023 को चलन में मौजूद 2,000 रुपये के बैंक नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 31 दिसंबर, 2025 को घटकर 5,669 करोड़ रुपये रह गया।'' बयान के अनुसार, ''इस तरह 19 मई, 2023 तक चलन में मौजूद 2,000 रुपये के 98.41 प्रतिशत बैंक नोट वापस आ चुके हैं।''

# तंबाकू पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से होगा लागू

**नयी दिल्ली :** तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर एक फरवरी से लागू होंगे। सरकार ने यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय द्वारा 31 दिसंबर 2025 को जारी अधिसूचन-ाओं के अनुसार, तंबाकू और पान मसाला पर लगने वाले नए कर, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अतिरिक्त होंगे। ये उस क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे जो वर्तमान में ऐसे ''हानिकारक उत्पादों'' पर लगाया जा रहा है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, एक फरवरी से पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू और इसी तरह के उत्पादों पर 40 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगेगा जबकि 'बीड़ी' पर 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगेगा। इसके अतिरिक्त, पान मसाला पर स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर लगाया जाएगा जबकि तंबाकू एवं संबंधित उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगेगा। तंबाकू उत्पादों (चबाने वाला तंबाकू, फिल्टर खैनी, जर्दा सुगंधित तंबाकू, गुटखा) के लिए एक नई एमआरपी-आधारित मूल्यांकन प्रणाली शुरू की गई है जिसके तहत 'पैकेट' पर घोषित खुदरा बिक्री मूल्य के आधार पर जीएसटी मूल्य निर्धारित किया जाएगा। गुटखा पर 91 प्रतिशत, चबाने वाले तंबाकू पर 82 प्रतिशत और जर्दा सुगंधित तंबाकू पर 82 प्रतिशत का अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाया जाएगा। सिगरेट की लंबाई व फिल्टर के आधार पर प्रति 1,000 'स्टिक' पर 2,050 रुपये से लेकर 8,500 रुपये तक का कर लगेगा। उत्पाद शुल्क से प्राप्त धनराशि का पुनर्वितरण वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार राज्यों के बीच किया जाएगा। केंद्र सरकार का कर राजस्व, विभाज्य निधि का हिस्सा है जिसका 41 प्रतिशत राज्यों के बीच साझा किया जाता है।



## वित्तवर्ष 2025-26 में दिसंबर तक 1.82 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत रक्षा अनुबंध किये गए : सरकार

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए चालू वित्तवर्ष 2025-26 में दिसंबर के अंत तक 1.82 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकार के मुताबिक रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने जनवरी 2025 से देश की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने के लिए 3.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक के पूंजीगत अधिग्रहण प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसमें स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 की समीक्षा और संशोधन, रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को प्रोत्साहन, मित्र देशों के साथ बेहतर जुड़ाव, भारत मैत्री शक्ति सहित रक्षा ऋण और रक्षा प्रतिष्ठानों के निकट प्रतिबंधित दूरी मानदंडों का युक्तिकरण प्रगति पर हैं।''

## जीएसटी संग्रह दिसंबर में छह प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली :** सकल जीएसटी संग्रह बीते माह दिसंबर में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। करों में कटौती के बाद घरेलू बिक्री से होने वाले राजस्व में वृद्धि सुस्त रहने से जीएसटी संग्रह की रफ्तार नरम पड़ी है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। दिसंबर 2024 में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। वहीं, नवंबर 2025 में जीएसटी दरें कम होने के बाद कुल संग्रह 1.70 लाख करोड़ रुपये रहा था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2025 में घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 1.2 प्रतिशत बढ़कर 1.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 19.7 प्रतिशत बढ़कर 51,977 करोड़ रुपये रहा। इसे कुल सकल जीएसटी संग्रह 1,74,550 करोड़ रुपये रहा। दिसंबर में कर 'रिफंड' 31 प्रतिशत बढ़कर 28,980 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध जीएसटी राजस्व (कर रिफंड समायोजन के बाद) 1.45 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। यह पिछले वर्ष की तुलना में 2.2 प्रतिशत अधिक है।

## गंगा जल संधि अंतिम वर्ष में प्रवेश की, भारत और बांग्लादेश ने जल का संयुक्त मापन शुरू किया

**ढाका :** भारत और बांग्लादेश ने 30 साल के लिए की गई पुरानी गंगा जल बंटवारा संधि के अपने अंतिम वर्ष में प्रवेश करने के साथ बृहस्पतिवार को पद्मा और गंगा नदियों पर संयुक्त जल मापन की प्रक्रिया शुरू की। बांग्लादेश की राजधानी से प्रकाशित अखबार 'ढाका ट्रिब्यून' ने जल विज्ञान अधिकारियों के हवाले से बताया कि पद्मा नदी पर हार्डिंग ब्रिज से 3,500 फीट ऊपर की ओर और भारत में गंगा नदी पर फरक्का बिंदु पर जल मापन शुरू किया गया था। खबर के मुताबिक, भारत के केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के उप निदेशक सौरभ कुमार और आयोग के सहायक निदेशक सनी अरोड़ा के नेतृत्व में दो सदस्यीय भारतीय टीम बांग्लादेश पहुंच चुकी है, जबकि बांग्लादेश जल विकास बोर्ड के उत्तर-पूर्वी मापन जल विज्ञान प्रभाग के कार्यकारी अभियंता अरिफिन जुबैद के नेतृत्व में चार सदस्यीय बांग्लादेशी टीम संयुक्त मापन के लिए भारत गई है।

# भारत और पाकिस्तान ने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया

## भारत ने पाकिस्तान से भारतीय कैंदियों की स्वदेश वापसी में तेजी लाने का किया आह्वान

**नयी दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान ने वर्ष 1992 से जारी सिलसिले को बरकरार रखते हुए एक द्विपक्षीय समझौते के तहत अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का बृहस्पतिवार को आदान-प्रदान किया। सूची का आदान-प्रदान ऐसे समय किया गया है जब पिछले साल मई में चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सूची का आदान-प्रदान परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले को रोकने वाले एक समझौते के प्रावधानों के तहत हुआ। इसने कहा कि नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच राजनयिक माध्यम से सूची का आदान-प्रदान एक साथ किया गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की हिरासत में मौजूद कैदियों की सूचियां भी आपस में साझा कीं। भारत ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान से 167 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों को उनकी जेल की सजा पूरी हो जाने के मद्देनजर उनकी रिहाई एवं स्वदेश वापसी में तेजी लाने की अपील की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को हिरासत में लिए गए उन 35 नागरिक कैदियों और मछुआरों को तत्काल राजनयिक पहुंच प्रदान करने के लिए कहा है, जिनके भारतीय होने का विश्वास है।

### भारत को आईडब्ल्यूटी के तहत पश्चिमी नदियों के जल का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं: पाकिस्तान

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत पश्चिमी नदियों के पानी के अपने सीमित हिस्से का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं है। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर हुसैन अंद्राबी ने कश्मीर में चिनाब नदी पर स्थित 260 मेगावाट की दुलहस्ती चरण-दो जलविद्युत परियोजना को भारत की मंजूरी से संबंधित एक सवाल का जवाब देते हुए साप्ताहिक प्रेस वार्ता में ये टिप्पणियां कीं। पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के एक दिन बाद, भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक उपाय लागू किये थे, जिनमें 1960 की सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को ''स्थगित'' करना भी शामिल था।

भारत सरकार
GOVERNMENT OF BHARAT

**पान मसाला के निर्माता ध्यान दें !**

**स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर अधिनियम, 2025**
**1 फरवरी, 2026 से लागू होगा**

स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर पान मसाला निर्माण में प्रयुक्त मशीनों/प्रक्रियाओं पर लगाया जाएगा। प्रत्येक कर योग्य व्यक्ति को पंजीकरण कराना और उपकर का भुगतान करना अनिवार्य है।

**अनिवार्य पंजीकरण**
(फार्म HSNS REG - 01)

- आप पर जाकर 'HSNS CESS' टैब के अंतर्गत 'New User' पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- नाम, पैन, ईमेल, मोबाइल नंबर दर्ज कर पंजीकरण करें, एनरोलमेंट रेफरेंस नंबर (इआरएन) प्राप्त करें
- प्राप्त इआरएन का उपयोग करके फॉर्म HSNS REG-01 में आवेदन करें।
- प्रारंभिक भुगतान के लिए अस्थायी पंजीकरण संख्या (टीआरएन) प्राप्त करें

**मासिक उपकर भुगतान**
(फार्म HSNS PMT - 01)

- हर महीने की 7 तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से भुगतान करना अनिवार्य है
- (जैसे : फरवरी 2026 माह की देनदारी 7 फरवरी 2026 तक देनी होगी)
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग-इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत 'E-Payment' विकल्प का चयन कर सेस का भुगतान कर सकते हैं।

**उपकर डेक्लेरेशन**
(फार्म HSNS DEC - 01)

- पंजीकरण प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर फाइल करना अनिवार्य है
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग-इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत 'Declaration' पर क्लिक कर अपनी डिक्लेरेशन दाखिल कर सकते हैं।

**मासिक उपकर भुगतान**
(फार्म HSNS RET - 01)

- अगले महीने की 20 तारीख तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से रिटर्न फाइल करें (जैसे : फरवरी 2026 का रिटर्न 20 मार्च 2026 तक फाइल करना होगा)
- आप करदाता डैशबोर्ड में लॉग-इन करके 'Menu' टैब के अंतर्गत श्त्मजनतदश पर क्लिक कर अपनी रिटर्न दाखिल कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया राजस्व विभाग की अधिसूचना संख्या
S-O- 6153(E) दिनांक 31-12-2025 तथा 01/2026-HSNS CESS दिनांक 01-01-2026 का संदर्भ लें

किसी सहायता के लिए हेल्पडेस्क पर संपर्क करे : cbicmitra-helpdesk@icegate-gov-in : 1800 425 0232

@cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @cbicindia @CBICIndia www.cbic.gov.in

CBC 15502/13/0049/2526

## खानपान के संयम से स्वस्थ-सुखी जीवन

हम एक नये साल में प्रवेश कर गये हैं। नववर्ष पर हम एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। मंगलकामनाएं अभिव्यक्त करते हैं। लेकिन नये वर्ष के आगमन के उत्साह में हम इकतीस दिसंबर को देर रात तक नये साल के जश्न में जुटे रहते हैं। इधर देश में प्रयोगधर्मी खानपान व नशीली पार्टियों का फैशन जैसा बन गया है। देर रात तक चलने वाली पार्टियों के बाद नये साल के पहले दिन ही हमारी नींद देर से खुलती है। फिर नये साल का पहला दिन ही सुस्ती और आलस्य के साथ शुरू होता है। कायदे से नये साल की शुरुआत एक ताजगीभरी सुबह के साथ होनी चाहिए। नये संकल्पों के लिए ऊर्जावान सुबह के साथ शुरू हो पहला दिन। निश्चित रूप से हमारा सामान्य जीवन व्यवहार बंधनों में नहीं बांधा जा सकता, लेकिन स्वस्थ जीवन के लिए कुछ नियम जरूरी भी हैं। दरअसल, नये दौर में हम, खासकर नई पीढ़ी एक अराजक जीवन जीने को अपनी शान समझती है। अमेरिका में हुए कुछ शोधों के बाद पता चला है कि सुबह जल्दी उठना और रात को जल्दी सोना हमारी सेहत की गारंटी होती है। यह पुरानी भारतीय अवधारणा ही है। भारतीय समाज में ब्रह्ममुहूर्त में उठने की प्रतिष्ठित परंपरा रही है। इस समय प्रकृति एकाग्रता-ध्यान हेतु शांत होती है। शरीर के मल स्वत: बाहर निकलने की प्रक्रिया में होते हैं। यह तथ्यपरक है कि हम जितनी जल्दी नित्यकर्म से निवृत्त होते हैं, उतने जल्दी स्वस्थ होते हैं। नया साल न तो कोई जादू है और न ही चमत्कार करने वाला होता है। महज एक नये दिन मानक होता है। नया दिन बदलाव के संकल्प का और उससे जीवन को सुखमय बनाने का। यूं भी जब जनवरी के पहले दिन का आगमन होता है तो शीत का प्रकोप होता है, जिसके चलते जीवन की गति मंथर हो जाती है। संभवत: शीतजनित इस नीरसता व एकरसता को तोड़ने के लिए दुनिया में नववर्ष के उत्सव को बड़े पैमाने पर मनाने की परंपरा शुरू की गई होगी।

सही मायनों में उत्सव का उल्लास हमारे तन-मन को स्वस्थ और मंगलमय बनाने के लिए होता है। लेकिन इस दौरान हम खानपान को लेकर अराजक व्यवहार करने लगते हैं। दरअसल, हमारा शरीर बेहद संवेदनशील व हमारी सेहत के प्रति सचेत होता है। शरीर का अपना उन्नत सुरक्षा-तंत्र लगातार हमारे स्वास्थ्य की फिक्र करता है। वह शरीर को सर्दी-गर्मी के अनुरूप अपना ताप नियंत्रित कर हमारे जीवन की रक्षा करता है। वह बार-बार संकेतों से हमें सचेत करता है। हम उसकी आवाज अनसुनी कर देते हैं। एक सीमा तक वह इसे बर्दाश्त करता है, लेकिन फिर असहाय होने की स्थिति में बीमार पड़ जाता है। अक्सर देखते हैं कि नये साल के जश्न, शादी-विवाह व मुफ्त की पार्टियों में हम जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं। लेकिन खाने-पीने की अराजकता पेट को लगातार परेशान करती है। उत्सव व पार्टी में हम सामान्य दिनों की तुलना में ज्यादा खा लेते हैं। योग दर्शन बताता है कि पेट को चार भागों में मानकर दो भाग खाने के लिये, एक पानी और एक आकाश तत्व के लिये रखें। आकाश तत्व यानी खाली रखने के लिए, जिससे पाचन की क्रिया सुगम होती है। हम किसी मशीन में भी कोई पदार्थ ठूंस-ठूंस कर भर दें, तो उसकी गति बाधित होती है। फिर पेट तो कोमलअंगी होता है। जापान के एक द्वीप में सौ से अधिक उम्र के सैकड़ों लोग मौजूद है, जिसने पश्चिमी शोधकर्ताओं को चकित किया। शोध में पता चला कि श्रमशील व प्रसन्न रहने वाले इस द्वीप के लोगों की एक खास आदत है, जब उन्हें लगता है कि खान पर्याप्त हो गया है, तो वे थाली का खाना उसी वक्त छोड़ देते हैं। यही उनकी लंबी उम्र का राज भी है। दरअसल, भूख हमारी शारीरिक जरूरत से अधिक मानसिक होती है। बढ़ती उम्र के साथ हमारे खाने की मात्रा में कमी होनी चाहिए। हम जीने के लिये खाएं, न कि खाने के लिए जीएं। अब चाहे नये साल की पार्टी हो या कोई पर्व-त्योहार, हमें संयमित भोजन का ही उपयोग करना चाहिए। हल्का, सुपाच्य व कम भोजन जहां दवा है, वहीं गरिष्ठ व अधिक भोजन हानिकारक हो सकता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 2 जनवरी, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, पौष शुक्लपक्ष चतुर्दशी, 18:54 तक, नक्षत्र : मृगशीर्षा, 20:03 तक, योग : शुक्ला, 13:00 तक, सूर्योदय: 06:17, सूर्यास्त: 17:04, चन्द्रोदय : 15:49, चन्द्रास्त: 05:01, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 10:20 से 11:40

## राशिफल

**मेष :** चंद्रमा अर्धरात्रोत्तर 04 बजकर 30 मिनट पर मिथुन राशि में प्रवेश करेगा, इसके फलस्वरूप मंगलोत्सवों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

**वृष :** आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में विजय, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है।

**मिथुन :** आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी रचनात्मक और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा।

**कर्क :** आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

**सिंह :** आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म अध्यात्म के मामले पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

**कन्या :** आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आये इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। लोग परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक :** माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। ऐसे में कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं।

**धनु :** आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठायें तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं।

**मकर :** आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। निर्धारित नियमों का ध्यान रखें।

**कुम्भ :** आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें।

**मीन :** आज का दिन लाभकारी रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है।

# जब्ती करों से लोक-केंद्रित सुधार तक: 2025 में भारत की कर संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव

1930 में, महात्मा गांधी द्वारा नमक कर की अवज्ञा ने उजागर किया था कि कैसे दमनकारी कर प्रणाली नागरिक को राज्य से दूर कर सकती है। यह एक चेतावनी थी कि जब कर मनमाने या अत्यधिक होते हैं, तो वे विश्वास और सामाजिक सम्पर्क को कमजोर करते हैं। चार दशक बाद, भारत में एक और चरम स्थिति देखी गई, जब पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने आयकर के स्तर को आश्चर्यजनक रूप से 97.5 प्रतिशत तक बढ़ा दिया।

इस परम्परा ने करदाताओं और राज्य के बीच गहरा अविश्वास पैदा कर दिया। दशकों तक, भय के कारण अनुपालन होता रहा। इसने सक्रिय योगदान देने के बजाय टालमटोल को प्रोत्साहित किया। इसी पृष्ठभूमि में मोदी सरकार के कर सुधार, जो 8 वर्ष पहले आरंभ हुए और 2025 में निर्णायक रूप से आगे बढ़े, अतीत से एक स्पष्ट अंतर का प्रतीक हैं।

इस बदलाव में अंतर्निहित लाफ़र कर्व का तर्क यह है कि कम कर दरें राजस्व सृजन के लिए उप-इष्टतम हैं और कर आधार का विस्तार करती हैं। इस प्रकार भारत के 2025 के कर सुधार न केवल राजकोषीय परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करते हैं, बल्कि एक दार्शनिक परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो उत्पीड़न से सहयोग तक और अविश्वास से लेकर राज्य और नागरिक के बीच एक नया सामाजिक अनुबंध है।

**जीएसटी से पहले की वास्तविकता: विखंडन, रिसाव और अविश्वास**

वैट शासन के दौरान, अप्रत्यक्ष करों की बहुलता ने व्यापक स्तर पर भ्रम पैदा किया1, राज्यों ने 0 प्रतिशत, 4 प्रतिशत और 12.5 प्रतिशत के एकसमान स्लैब को खत्म करते हुए बार-बार वैट दरों में बदलाव किया।2

वास्तव में, स्पष्ट चेतावनियों के बावजूद, राज्यों ने अतिरिक्त शुल्क लगाने के विरूद्ध अपनी 2010 की रिपोर्ट में कैग की सुस्पष्ट सलाह की अनदेखी कर दी, फिर भी प्रवेश कर और स्थानीय अधिभार जारी रहे। इसने भ्रम और विखंडन पैदा किया और प्रत्येक राज्य ने अपने स्वयं के अनुपालन नियमों, दंड और प्रक्रियाओं को लागू किया।3

इसके गंभीर परिणाम हुए। कमजोर जांच और असंगत प्रवर्तन ने कर चोरी को प्रोत्साहित किया। हर दो डीलरों में से एक ने कर चोरी करने का प्रयास किया और सिर्फ एक मामले में ही, सात डीलरों को उचित दस्तावेज के बिना 1,026 करोड़ रुपये की छूट दे दी गई।45

**अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार (2025): कार्यनीति के रूप में सरलता**

वर्ष 2017 में जीएसटी की शुरुआत ऐतिहासिक थी। इसने भारत को एकल बाजार में समेकित किया, व्यापक करों को समाप्त कर दिया और एक पारदर्शी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली की नींव रखी। यद्दिप, दरों और वर्गीकरण में अस्पष्टता के कारण विवाद पैदा हुए और निस्संदेह अनुपालन के साथ-साथ पंजीकरण में भी भारी समस्याएं रहीं।

उदाहरण के लिए, वस्त्र क्षेत्र में धुलाई और रंगाई जैसी सेवाओं पर जॉब वर्क सर्विसेज के हिस्से के रूप में 5 प्रतिशत कर लगाया गया था, जबकि ब्लीचिंग, प्रिंटिंग और रासायनिक उपचार जैसी प्रक्रियाओं पर 18 प्रतिशत का कर लगाया गया था। इससे वर्गीकरण को लेकर गंभीर भ्रम और कर विवाद पैदा हो गए।

इन चुनौतियों को स्वीकार करते हुए मोदी सरकार ने 2025 में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की शुरुआत की, जो जीएसटी के लॉन्च के बाद से सबसे सार्थक सरलीकरण प्रदान करते हैं। इस प्रणाली को दो स्पष्ट स्लैब, 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत में युक्तिसंगत बनाया गया था। साथ ही, वस्तुओं के वर्गीकरण को भी स्पष्ट किया गया, अनुपालन को सरल बनाया गया और पंजीकरण को सुगम बनाया गया।

पिछले 8 वर्षों में सरकार ने सक्रिय रूप से व्यवसायों और राज्यों की बात सुनी है और राज्यों को कार्यान्वयन में समान भागीदार माना है। इस सहयोगात्मक दृष्टिकोण ने सुनिश्चित किया कि सुधारों को सुचारू रूप से लागू किया जाए।

2025 के जीएसटी सुधारों ने करों को सरल बनाने से कहीं अधिक काम किया; उन्होंने कई सेक्टरों में मांग को सीधे तौर पर प्रेरित किया।

भारत में दीपावली के अवसर पर 6.05 ट्रिलियन रूपये की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत से अधिक है। एक दशक से अधिक समय में यह इसकी सबसे मजबूत नवरात्रि बिक्री6 रही है। साथ ही, अक्टूबर 2025 में ऑटोमोबाइल खुदरा बिक्री 40.5 प्रतिशत बढ़कर सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।7

जिन आलोचकों ने यह तर्क दिया था कि जीएसटी को सरल बनाने और दरों को तर्कसंगत बनाने से कर राजस्व में कमी आएगी, वे भी गलत साबित हुए। अक्टूबर-नवंबर 2025 में, जीएसटी में महत्वपूर्ण कटौती के बावजूद, सकल जीएसटी संग्रह 2024 में इसी अवधि की तुलना में 2.8 प्रतिशत अधिक था।89

जीएसटी दरों में कटौती और आयकर छूट की सीमा में वृद्धि से परिवारों को सालाना 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत करने में मदद मिलेगी।10 सभी व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर 0 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो 18 प्रतिशत से कम है। इसका अर्थ है कि 20,000 रुपये के बेस प्रीमियम पर पहले 3,600 रुपये जीएसटी (18 प्रतिशत) था, जिससे 23,600 रुपये देय था। छूट के बाद, 20,000 रुपये के भुगतान पर सीधे 3,600 रुपये की बचत है।11

जीएसटी में सुधार से किराने का सामान और दैनिक आवश्यक वस्तुओं के घरेलू बिलों में 13 प्रतिशत की बचत होगी, जबकि एक छोटी कार का खरीदार लगभग 70,000 रुपये बचा सकता है।12 एसी खरीद में 2,800 रुपये की बचत होगी क्योंकि इन वस्तुओं की जीएसटी दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है।

जीएसटी स्लैब को तर्कसंगत बनाकर और आवश्यक एवं आकांक्षी दोनों वस्तुओं पर कर के बोझ को कम करके, सरकार ने आत्मविश्वास से व्यय करने और निरंतर मांग का वातावरण सृजित किया।

मध्यम वर्ग के लिए कर में महत्वपूर्ण लाभ

भारत की आयकर यात्रा इसके आर्थिक विकास को दर्शाती है। इंदिरा गांधी के युग में कर की दर 97.5 प्रतिशत तक पहुंच गई थी और कर चोरी और अविश्वास की जड़ें गहरी हो चुकी थीं। दशकों बाद, उदारीकरण के बावजूद, 2014 में राहत मामूली रही; आयकर छूट को 2 लाख रुपये तक सीमित कर दिया गया था, जो शहरीकरण की अर्थव्यवस्था के लिए पर्याप्त नहीं था।13

मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग पर कर के बोझ को निरंतर कम किया है, प्रासंगिक उपायों पर नीतिगत स्थिरता को प्राथमिकता दी है। पिछले दशक में आयकर छूट की सीमा 2014 में 2 लाख रुपये से बढ़कर 2025 में 12 लाख रुपये हो गई है, जो 6 गुना राहत प्रदान करती है।

वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए, 75,000 रुपये की मानक कटौती के बाद, प्रभावी शून्य-कर सीमा अब 12.75 लाख रुपये प्रति वर्ष है।

नई व्यवस्था में 12 लाख रुपये की आय वाले करदाताओं को 80,000 रुपये का कर लाभ मिलेगा जबकि 18 लाख रुपये की आय वाले व्यक्ति को टैक्स के रूप में 70,000 रुपये का लाभ मिलेगा।14

नमक कर से लेकर आयकर की जब्ती दरों तक, भारत का इतिहास बताता है कि त्रुटिपूर्ण कर प्रणाली विश्वास और विकास को कमजोर करती है। मोदी सरकार के 2025 के कर सुधार उस अतीत से एक स्पष्ट अंतर का प्रतीक है। सरलता, निष्पक्षता और पारदर्शिता को प्राथमिकता देकर, राज्य ने उपभोग में वृद्धि करते हुए अनुपालन को सुदृढ़ किया है।

2025 में, भारत में कर प्रणाली अब नियंत्रण का माध्यम नहीं रह गई है। यह एक साझेदारी है, जो यह मानती है कि जब नागरिकों पर भरोसा किया जाता है और प्रणालियां सरल होती हैं, तो अर्थव्यवस्था विकास के साथ मिलकर कदम बढ़ाती है।

## समीक्षा व्यापार

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री ने 2025 में बनाया नया रिकॉर्ड, 45.5 लाख इकाइयाँ बिकीं



**नयी दिल्ली:** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री ने वर्ष 2025 में नया कीर्तिमान स्थापित किया। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्ष कुल 45.5 लाख यात्री वाहनों की थोक बिक्री हुई, जो 2024 के 43.05 लाख वाहनों की तुलना में लगभग छह प्रतिशत अधिक है। वर्ष की दूसरी छमाही में जीएसटी दरों में कटौती और आर्थिक प्रोत्साहनों से बाजार में आई तेजी ने इस वृद्धि में अहम भूमिका निभाई।वाहन बिक्री में आई इस तेजी की अगुवाई मारुति सुजुकी इंडिया ने की, जिसने 2025 में रिकॉर्ड 18.44 लाख वाहनों की थोक बिक्री दर्ज की। यह कंपनी का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी ने कहा कि जीएसटी कटौती, 12 लाख रुपये तक आय पर कर राहत और रेपो दर में कमी से उद्योग को मजबूती मिली।इस वर्ष एक बड़ा बदलाव यह भी रहा कि घरेलू वाहन निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने लंबे समय से दूसरे स्थान पर रही हुंदै मोटर इंडिया को पीछे छोड़ दिया। महिंद्रा दूसरे और टाटा तीसरे स्थान पर रहे, जबकि हुंदै चौथे स्थान पर खिसक गई।एसयूवी की मांग 2025 में भी मजबूत बनी रही। वर्ष 2024 में जहां एसयूवी की बाजार हिस्सेदारी 53.8 प्रतिशत थी, वहीं 2025 में यह बढ़कर 55.8 प्रतिशत हो गई। इसके साथ ही जीएसटी दरों में कमी के बाद छोटी कारों की बिक्री में भी सुधार के संकेत मिले। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने वर्ष 2025 में कुल 5,87,218 इकाइयों की बिक्री की, जिनमें 81,125 इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं, जो किसी भी वर्ष में कंपनी की सर्वाधिक ईवी बिक्री है। वहीं टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और स्कोडा ऑटो इंडिया ने भी रिकॉर्ड वार्षिक बिक्री दर्ज की। उद्योग जगत को उम्मीद है कि अनुकूल आर्थिक हालात और अच्छे मानसून की स्थिति में वर्ष 2026 में भी वाहन बाजार छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर बनाए रखेगा।

# सांख्यिकी मंत्रालय ने नया प्रतीक चिह्न किया जारी




**नयी दिल्ली:** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने देश के विकास में आंकड़ों के महत्व को दर्शाने वाला एक नया प्रतीक चिह्न जारी किया है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा कि नए प्रतीक चिह्न और शुभंकर (मस्कट) को संस्थागत पहचान का आधुनिकीकरण करने, सार्वजनिक पहुंच बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में आधिकारिक आंकड़ों की भूमिका को मजबूत करने के प्रयासों के तहत जारी किया गया है। इसमें कहा गया कि नया प्रतीक चिह्न, राष्ट्र के विकास में आंकड़ों के महत्व को दर्शाता है। भारत के आंकड़ा-आधारित कामकाज, पारदर्शिता एवं प्रगति को सुगम बनाने के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। प्रतीक चिह्न में अशोक चक्र सत्य, पारदर्शिता एवं सुशासन का प्रतीक है। केंद्र में स्थित रुपये का चिन्ह आर्थिक नियोजन, नीति निर्माण एवं राष्ट्रीय वृद्धि में सांख्यिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। संख्याओं और प्रतीकों का उपयोग आधुनिक आंकड़ा प्रणालियों तथा सांख्यिकी विज्ञान को प्रतिबिंबित करता है।

## सोना नये साल के पहले दिन मजबूत, चांदी फिसली

**नयी दिल्ली:** नये साल के पहले दिन बृहस्पतिवार को सोने में मजबूती रही और यह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 640 रुपये बढ़कर 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,37,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी।। हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। यह 1,600 रुपये टूटकर 2,37,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रही, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,39,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। बीते वर्ष के दौरान सोने और चांदी दोनों में तेजी शानदार रही। सोने ने 73.45 प्रतिशत का लाभ दिया। इस बीच, चांदी ने लगभग 164 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोने से बेहतर प्रदर्शन किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना बुधवार को 28 डॉलर यानी 0.65 प्रतिशत घटकर 4,310.89 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। मीदें, डॉलर की मजबूती या उसकी कमजोरी शामिल हैं।

## सफल परीक्षण के बाद जनवरी के अंत तक 'भारत टैक्सी' शुरू होगी: अधिकारी

**नयी दिल्ली:** देश की सहकारी संस्थाओं के समर्थन वाली ऑनलाइन कैब बुकिंग की सेवा देने वाली 'भारत टैक्सी' जनवरी के अंत तक दिल्ली और अन्य शहरों में आधिकारिक रूप से शुरू की जाएगी। सहकारिता मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा संचालित यह डिजिटल मंच राजधानी में दो दिसंबर, 2024 को प्रायोगिक आधार पर शुरू किया गया था। सहकारिता मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव पंकज कुमार बंसल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि परीक्षण चरण के दौरान भारत टैक्सी सेवा को लोगों से अच्छा समर्थन मिला है और इसकी आधिकारिक शुरुआत महीने के अंत तक की जाएगी।

## नए साल के पहले दिन शेयर बाजार लगभग स्थिर, आईटीसी में भारी बिकवाली

**मुंबई:** दिग्गज कंपनी आईटीसी के शेयरों में भारी बिकवाली और विदेशी निवेशकों की निकासी के बीच वर्ष 2026 के पहले कारोबारी सत्र में बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक लगभग स्थिर बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों की हल्की भागीदारी के बीच चुनिंदा खरीदारी से शेयर बाजार को थोड़ा समर्थन मिला लेकिन डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट ने धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 32 अंक यानी 0.04 प्रतिशत गिरकर 85,188.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 85,451.70 के उच्च स्तर और 85,101.52 के निचले स्तर तक गया। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 16.95 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 26,146.55 अंक पर बंद हुआ।

## रुपया वर्ष 2026 के पहले कारोबारी सत्र में 10 पैसे टूटकर 89.98 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई:** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया वर्ष 2026 के पहले कारोबारी सत्र में 10 पैसे टूटकर 89.98 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से मिल रहे समर्थन को, अमेरिकी डॉलर सूचकांक में सकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी की निकासी ने बेअसर कर दिया जिसके कारण रुपया सीमित दायरे में कारोबार करता रहा। भारतीय रुपया साल के पहले कारोबारी सत्र में कमजोर हुआ। वर्ष 2025 में इसमें पांच प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। भारी मात्रा में पूंजी की निकासी के कारण डॉलर की मांग अधिक रही और रुपये पर दबाव बना रहा।

# असम आठवें वेतन आयोग का गठन करने वाला पहला राज्य बनेगा: मुख्यमंत्री शर्मा



**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र सरकार के बाद असम देश का पहला राज्य होगा जो अपने कर्मचारियों के वेतन ढांचे में संशोधन के लिए आठवें वेतन आयोग का गठन करेगा। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि राज्य में आठवें वेतन आयोग का गठन पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव सुभाष दास की अध्यक्षता में किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'केंद्र सरकार ने आठवां आयोग गठित कर दिया है लेकिन उसके बाद से किसी भी राज्य सरकार ने वेतन आयोग का गठन नहीं किया है। असम ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा।'' शर्मा ने कहा कि यह कर्मचारी कल्याण और प्रगतिशील शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। असम सरकार ने वेतन ढांचे, भत्ते और सेवा शर्तों की समीक्षा के लिए आखिरी बार 2015 में वेतन आयोग का गठन किया था। केंद्र के आठवें वेतन आयोग के प्रावधान एक जनवरी, 2026 से लागू होने वाले हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3309

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | 7 | 8 | ■ | 9 | | |
| 10 | | 11 | ■ | 12 | | 13 | | ■ | |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | | 16 | |
| 17 | 18 | | ■ | ■ | 19 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | 22 |
| 23 | | | | ■ | 24 | 25 | | ■ | |
| 26 | | ■ | 27 | 28 | ■ | | ■ | 29 | |
| | ■ | 30 | | | | | ■ | 31 | |

*बायें से दायें:-* 1) अयोग्य, 3) शरीर, 6) मेघ, 9) गति, 10) दूध की साढ़ी, 12) गोल लंबोतरा तकिया, 14) प्रेमी, 15) खारा, 17) वंदन 19) ओहदा, 20) अटल, 21) कठोर, 23) बालपन, 24) निरुपाय, 26) कंठ, 27) तीर, 29) कंगाल, 30) झुंझलाना; झल्लाना, 31) भौजाई.

*ऊपर से नीचे:-* 1) असंभव, 2) हेंठ, 4) हमेशा, 5) इच्छा, 7) चमक, 8) नृत्य; लगाम, 11) सच्चाई, 13) पति की बहन, 16) दलदल, 18) मनमौजी; साहसी, 19) विक्षिप्त; पागल, 20) उपवास, 21) हाथ का पंजा, 22) ज़्यादा नहीं, 23) एक पक्षी, 25) जबान से समेटना, 28) मग्न, 29) केला; सुंदर स्त्री.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नु | म | ति | ■ | आ | ब | रू | ■ | स |
| ■ | ■ | ह | ल | च | ल | ■ | प | ना | ह |
| बा | ध | क | ■ | म | स | ला | ■ | ■ | म |
| ल | ■ | दा | य | क | ■ | ल | खा | प | ति |
| ब | ह | र | ■ | ■ | खी | सा | ■ | रा | ■ |
| ल | ड़ | ■ | द | हे | ज | ■ | द | या | लु |
| ■ | प | नी | र | ■ | ना | म | र्द | ■ | च्या |
| दू | ना | ■ | गा | ज | ■ | ल्ला | ■ | धू | प |
| री | ■ | च | ह | ल | प | ह | ल | ■ | न |

## सुडोकू-पहेली-3267

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | 2 | 9 | |
| | 4 | | 9 | | | | | |
| 8 | | | 4 | | | | 5 | |
| | | | 7 | | | 9 | | |
| | 1 | | | 6 | | | | |
| | | 5 | | | | | 4 | 3 |
| | 6 | | | 5 | | 8 | | 7 |
| 9 | | | | | | 3 | | |
| | | | | 2 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3266 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 2 | 1 | 6 |
| 1 | 6 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 5 | 3 |
| 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 5 | 9 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 7 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 |
| 9 | 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 3 | 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 |

# पार्टी के लिए हमेशा मैदान में उतरने को तैयार हूं : दिलीप घोष

## पूर्व अध्यक्ष ने कहा... 'नया आने वालों को संगठन की संस्कृति समझनी होगी'



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद दिलीप घोष ने नए साल के पहले दिन एक बार फिर राजनीतिक सक्रियता का संकेत देते हुए कहा कि पार्टी में जो भी नया आता है, उसे संगठन की संस्कृति और कार्यशैली को समझना होता है। गुरुवार को कोलकाता स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में दिलीप घोष ने साफ कहा कि वह पार्टी का हिस्सा हैं और पार्टी जो जिम्मेदारी देगी, उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। इस दिन, अमित शाह के साथ हुई बैठक को लेकर दिलीप घोष ने कहा कि उन्हें चुनावी तैयारियों को लेकर चर्चा के लिए बुलाया गया था। संगठनात्मक मुद्दों पर बातचीत हुई और उन्होंने स्वयं यह भी जानने की कोशिश की कि पार्टी उनके लिए क्या भूमिका तय करना चाहती है।

हालांकि, फिलहाल उन्हें कोई स्पष्ट जिम्मेदारी नहीं दी गई है। दिलीप ने कहा कि वह पूरी तरह उपलब्ध हैं और पार्टी जिस तरह कहेगी, उसी तरह काम करेंगे। तृणमूल कांग्रेस में जाने की अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए दिलीप घोष ने तंज कसते हुए कहा कि लोग नई नई कल्पनाएं करते रहें, उन्हें इस पर और कुछ कहने की जरूरत नहीं है। खड़गपुर से उम्मीदवार बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह फैसला पार्टी करेगी और यदि पार्टी को लगता है कि उनके चुनाव लड़ने से संगठन को फायदा होगा, तो वह जरूर मैदान में उतरेंगे। भाजपा में पुराने और नए नेताओं के बीच कथित मतभेदों को लेकर दिलीप घोष ने कहा कि पार्टी एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें लोग आते रहते हैं और कुछ लोग चले भी जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुराने और नए जैसा कोई विभाजन नहीं है। जो लोग नए आए हैं, उनकी जिम्मेदारी है कि वे पार्टी में घुल मिलकर खुद को भाजपा कार्यकर्ता के रूप में साबित करें और कई लोग ऐसा कर भी रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या पार्टी के नए नेता उन्हें समझ नहीं पा रहे हैं, दिलीप घोष ने कहा कि उन्हें किसी तरह का बड़ा द्वंद्व नजर नहीं आता। पार्टी उन्हें समझ ले, वही काफी है। बाकी कौन समझ रहा है या नहीं, यह समझाने की जिम्मेदारी उनकी नहीं है। पूर्व में पार्टी कार्यकर्ताओं के एक वर्ग के विरोध को लेकर पूछे गए सवाल पर दिलीप घोष ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ प्रदर्शन नहीं किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग बाहर से आकर ऐसे प्रदर्शन कर रहे थे, जो अपनी पुरानी राजनीतिक आदतें नहीं छोड़ पाए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि कब और किसे काला झंडा दिखाना है।

### भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य से मिले दिलीप घोष



**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बैठक के अगले ही दिन पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने पार्टी के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य से मुलाकात की। यह बैठक साल्टलेक स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। मुलाकात के बाद, दिलीप घोष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि 2026 का बंगाल चुनाव देश के लिए बेहद अहम है। उन्होंने लिखा कि पिछला चुनावी संघर्ष ऐसा था जिसने बंगाल की जनता की नजर में पार्टी को मुख्य विपक्ष के रूप में स्थापित किया और अब राज्य के लोग बदलाव के लिए तैयार हैं।**

# शाह के बाद अब नड्डा का बंगाल दौरा, शमीक के निमंत्रण पर भाजपा की अहम बैठक संभव

**कोलकाता :** 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा जल्द ही बंगाल दौरे पर आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाद अब नड्डा राज्य में पार्टी नेताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि जे.पी. नड्डा आगामी 8 जनवरी को कोलकाता में एक स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रम में हिस्सा लेने आ रहे हैं। इसी अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमीक भट्टाचार्य ने उन्हें पार्टी की बैठक में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। यदि कार्यक्रम तय योजना के अनुसार होता है, तो नड्डा उसी दिन राज्य के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बंद कमरे में बैठक कर संगठन और चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर सकते हैं। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर की रणनीति और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दिशा तय की जा सकती है। शाह और नड्डा के लगातार दौरों को चुनाव से पहले भाजपा की सक्रियता के रूप में देखा जा रहा है।

# बारुईपुर में किराए के मकान से भारी संख्या में पासपोर्ट बरामद, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर थाना अंतर्गत खासमल्ली इलाके में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक किराए के मकान से भारी संख्या में पासपोर्ट बरामद किए हैं। सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के नाम मेहबूब मोल्ला उर्फ (राज) और प्रीतम बसु हैं। मेहबूब मोल्ला मगरहाट का निवासी है, जबकि प्रीतम बसु नरेन्द्रपुर थाना क्षेत्र का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बरामद पासपोर्टों में नदिया जिले के निवासियों के नाम के साथ-साथ बिहार और ओडिशा के लोगों के नाम से बने पासपोर्ट भी शामिल हैं। ये पासपोर्ट असली हैं या फर्जी, इसकी जांच की जा रही है। बताया गया है कि प्रीतम पहले रोजगार के सिलसिले में मुंबई में रहता था।



दोनों ही आरोपितों ने खासमल्ली इलाके में एक मकान किराए पर लिया था। प्राथमिक जांच में पुलिस को पता चला है कि आरोपित विदेश में नौकरी दिलाने का लालच देकर लोगों से पासपोर्ट जमा कराते थे। इसके बाद, न तो नौकरी दिलाई जाती थी और न ही पासपोर्ट लौटाए जाते थे। पासपोर्ट वापस करने के नाम पर भी पीड़ितों से रुपये की मांग की जाती थी। इस संबंध में पुलिस के पास पहले से शिकायतें भी दर्ज थीं। पुलिस के मुताबिक, पिछले सात-आठ महीनों से आरोपित उक्त किराए के मकान में रह रहे थे। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जाएगी।

# 'हिंदू शरणार्थी होंगे सबसे अधिक प्रभावित'

## एसआईआर पर माकपा नेता कांति गांगुली की चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर वरिष्ठ माकपा नेता कांति गांगुली ने गंभीर चिंता जताई है। उनका कहना है कि इस प्रक्रिया से सबसे अधिक वे हिंदू प्रभावित होंगे, जो बांग्लादेश से पलायन कर राज्य में बस चुके हैं। गांगुली ने दावा किया कि सुंदरबन क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे हिंदू परिवार रहते हैं और दस्तावेज सत्यापन की इस कवायद में इन्हें सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पूर्व मंत्री कांति गांगुली ने कहा कि वह सैद्धांतिक रूप से विशेष गहन पुनरीक्षण के पक्ष में हैं, लेकिन इतनी बड़ी और जटिल प्रक्रिया को केवल दो से तीन महीने में पूरा करना व्यावहारिक नहीं है। उनके अनुसार, देश की विशाल आबादी को देखते हुए मतदाता सूची को अधिक सटीक और भरोसेमंद बनाने के लिए चुनाव आयोग को ज्यादा समय देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि पर्याप्त समय मिलता तो यह प्रक्रिया और भी पारदर्शी और त्रुटिरहित हो सकती थी। गांगुली ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग को इस अभ्यास के लिए पहले से स्पष्ट और विस्तृत दिशा-निर्देश तय करने चाहिए थे। ऐसा न होने के कारण आम मतदाताओं के बीच भ्रम की स्थिति बनी और कई तरह की अटकलें और गलत धारणाएं फैल गईं। उनके मुताबिक, बेहतर तैयारी और साफ दिशानिर्देश होते तो इन स्थितियों से बचा जा सकता था। उन्होंने यह भी कहा कि इस विशेष गहन पुनरीक्षण का सबसे ज्यादा लाभ उन राजनीतिक दलों को मिलेगा, जिनका संगठन मजबूत है। आगामी विधानसभा चुनावों पर इसका असर दिख सकता है। हालांकि, गांगुली ने साफ तौर पर कहा कि मौजूदा हालात में वामपंथी दलों को इससे कोई खास फायदा होता नहीं दिख रहा है। उनका मानना है कि जब तक कम्युनिस्ट पार्टियां जनता का भरोसा दोबारा हासिल नहीं करतीं, तब तक चुनावी प्रदर्शन में सुधार मुश्किल है और एसआईआर से भी इसमें कोई बड़ा बदलाव नहीं आएगा। एसआईआर के विरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए कांति गांगुली ने कहा कि विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन विरोध का आधार ठोस होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल विरोध के लिए विरोध उचित नहीं है। विपक्षी दलों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि इस प्रक्रिया में आम मतदाताओं को किन वास्तविक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और वे किन खामियों की ओर इशारा कर रहे हैं। गांगुली ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग को विपक्षी दबाव में आए बिना निष्पक्ष रहना चाहिए और पूरी सटीकता के साथ इस प्रक्रिया को पूरा करना चाहिए। उन्होंने आश्चर्य जताया कि उन्हें स्वयं दस्तावेज सत्यापन की सुनवाई के लिए बुलाया गया है, जबकि उनका नाम 2002 की मतदाता सूची में भी दर्ज था, उस समय वह मंत्री थे। उन्होंने कहा कि वह शुक्रवार को सुनवाई में उपस्थित होकर चुनाव आयोग को सभी जरूरी जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

# दल की असली शक्ति कार्यकर्ताओं के अनुशासन और विश्वास में निहित है : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थापना दिवस पर गुरुवार को कहा कि दल की असली शक्ति उसके जमीनी कार्यकर्ताओं के अनुशासन और विश्वास में निहित है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि तृणमूल कांग्रेस स्थापना दिवस पर, मैं अपने लगातार बढ़ते परिवार के हर सदस्य के प्रति कृतज्ञता से सिर झुकाता हूं। उन्होंने आगे कहा कि जो बदलाव के आंदोलन के रूप में शुरू हुआ था, वह अब एक शक्तिशाली लोकतांत्रिक शक्ति बन चुका है। मेरा गहरा सम्मान हमारे जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए है। आप इस कहानी के लेखक हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक तृणमूल कांग्रेस 'मां, माटी, मानुष' से जुड़ी रहेगी, कोई भी ताकत, चाहे कितनी भी अहंकारी या दमनकारी क्यों न हो, बंगाल के सामूहिक संकल्प को हरा नहीं सकती।

--------------------

**चुनाव से पहले अभिषेक बनर्जी तृणमूल कांग्रेस सरकार का 'रिपोर्ट कार्ड' करेंगे पेश**

कोलकाता, समाज्ञा : तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ममता बनर्जी सरकार के 2011 से लेकर पिछले 14 वर्षों के शासनकाल में किए गए कार्यों का 'रिपोर्ट कार्ड' पेश करने के लिए शुक्रवार से सड़कों पर उतरेंगे। तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को 'एक्स' पर अभिषेक बनर्जी द्वारा गढ़ा गया नारा 'जोतोई कोरो हमला, अबर जितबे बांग्ला' (आप जितना भी हमला करें, बंगाल फिर से विजयी होकर उभरेगा) लिखा। इसने पोस्ट में लिखा कि कोई अन्याय, कोई षड्यंत्र, कोई धमकी बंगाल को कभी नहीं झुका पाई। बंगाल के लोगों के अधिकारों और गरिमा की रक्षा के लिए हर लड़ाई में श्री अभिषेक ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है। पोस्ट में कहा गया है कि आज से वह सड़कों पर उतरेंगे, लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होंगे और लोकतांत्रिक भागीदारी को कमजोर करने और वैध मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने के प्रयासों का विरोध करेंगे।


**पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन**

(रजिस्ट्रेशन नः S/IL/22423 Under W.B.Societies Registration Act 1961) 39ए, जोरापुकर स्कायर लेन, कोलकता- 700 006

**प्रांतीय अध्यक्ष के चुनाव की सूचना**

नामांकन जमा करने की तिथि : **6 जनवरी 2026** (मंगलवार) से **12 जनवरी 2026** (सोमवार)
प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से सायं 6 बजे तक सम्मेलन कार्यालय में।
नाम वापस लेने की तिथि : **14 जनवरी 2026** (बुधवार) सायं 6 बजे तक।
नामांकन पत्रों की जांच **16 जनवरी 2026** (शुक्रवार) सायं 6 बजे तक।
वैद्य उम्मीद्वारों की सूचना **17 जनवरी 2026** (शनिवार) सायं 6 बजे तक।
शाखाओं में मतदान : **1 फरवरी 2026** (रविवार) एवं **2 फरवरी 2026** (सोमवार)
सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक (कोलकाता, हावड़ा एवं हुगली छोड़कर)
कोलकाता में मतदान : कोलकाता, हावड़ा एवं हुगली की शाखाओं के सदस्यों द्वारा मतदान
**3 फरवरी 2026** (मंगलवार) को सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक)
मतदान स्थल की सूचना वैद्य नामांकनों के प्राप्त होने के पश्चात दी जायेगी।

| Adv. अभिषेक शरद डोकानिया | सीए गनेश अग्रवाल | सीए दीपक छापड़िया |
|---|---|---|
| मुख्य चुनाव अधिकारी | सह-सहायक चुनाव अधिकारी | सह-सहायक चुनाव अधिकारी |
| मो. 9831109000 | मो. 9330191155 | मो. 9831004330 |



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना सं.: 28-यात्रिक-बिलासपुर-ब्रेक वेन, दिनांकः 24.12.2025**

**कार्य का नामः-** खुली निविदा के आधार पर ब्रेक वेन में समायोज्य गार्ड कुर्सियों और अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं के प्रावधान का कार्य (30 वेगंस)। **निविदा मूल्य- रू. 42,79,740/-** (रूपये बियालीस लाख उन्यासी हजार सात सौ चालीस मात्र), समस्त खर्चों एवं जीएसटी सहित। **अमानत राशि- रू. 85,600/-** (रूपये पचासी हजार छह सौ मात्र), **निविदाः** दिनांक **16.01.2026** को दोपहर 12:00 बजे खोले जाएंगे।

उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-निविदा के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

वरि. मंडल यात्रिक इंजी.(फ्रेट)
सीपीआर/10/570 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः क्रम सं., सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य एवं बयाना राशि निम्नानुसार हैः (1) **डीआरएम ईएनजीजीआरएनसी-132-2025,** राँची मंडल के अधिकार क्षेत्र के लिए बाकुडी/राजग्राम/पिनरगड़िया क्वैरी साइडिंग में 50 मिमी माप में 96112 घनमीटर मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की आपूर्ति एवं रेलवे वैगनों/हॉपरों में लदाई और खाली किया जाना (माप गंतव्य पर किया जाएगा), रु. 20,56,18,168.32, रु.11,78,100.00, (2) **डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-133-2025,** राँची मंडल के अधिकार क्षेत्र के लिए पाकुड़/तालझारी/ बड़हरवा क्वैरी साइडिंग में 50 मिमी माप में 100018 घनमीटर मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की आपूर्ति एवं रेलवे वैगनों/हॉपरों में लदाई और खाली किया जाना (माप गंतव्य पर किया जाएगा), रु. 21,39,74,508.48, रु.12,19,900.00. **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 21.01.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-1022)



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सीवी/ई-ऑक्शन/एसएमयू/01/2022** **दिनांक 30.12.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 के द्वारा सियालदह मंडल के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों में स्पेशल माइनर यूनिटों (एसएमयू) के लिए मॉडुलर कैटरिंग स्टॉल के माध्यम से केवल 05 (पाँच) वर्ष की अवधि हेतु कैटरिंग सेवाओं के परिचालन के लिए लाइसेंस के प्रावधान हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। स्थानों का विवरण वेबसाइट में उपलब्ध है। निविदाकारों को केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-नीलामी में भाग लेना है। लॉट का विवरण निम्नानुसार हैः **क्रम सं.; अनुक्रम सं.; लॉट नं.; स्टेशन; जिसके लिए आरक्षित है,** निम्नानुसार हैः- **(1) एए/1;** सीएटीजी-एसडीएएच-एचएलआर-एसएमयू-84-25-1; हालिशहर; शारीरिक/मानसिक विकलांग/दिव्यांग से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(2) एए/2;** सीएटीजी-एसडीएएच-केवाईआई-एसएमयू-25-25-1; कल्याणी; अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(3) एए/3;** सीएटीजी-एसडीएएच-केएलवाईएस-एसएमयू-26-25-1; कल्याणी शिल्पांचल; गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोग (बीपीएल) से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित। **(4) एए/4;** सीएटीजी-एसडीएएच-केएलवाईजी-एसएमयू-28-25-1; कल्याणी घोषपाड़ा; अनुसूचित जाति (एससी) से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित। **(5) एए/5;** सीएटीजी-एसडीएएच-एमपीजे-एसएमयू-29-25-1; मदनपुर; अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित। **(6) एए/6;** सीएटीजी-एसडीएएच-एसएमएक्स-एसएमयू-31-25-1; शिमुराली; गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोग (बीपीएल) से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित। **(7) एए/7;** सीएटीजी-एसडीएएच-पीडीएक्स-एसएमयू-33-25-2; पायराडांगा; अनुसूचित जाति (एससी) से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित। **(8) एए/8;** सीएटीजी-एसडीएएच-पीडीएक्स-एसएमयू-34-25-1; पायराडांगा; अनुसूचित जनजाति (एसटी) से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(9) एए/9;** सीएटीजी-एसडीएएच-केएलएनपी-एसएमयू-36-25-1; कालीनारायणपुर जंक्शन; शारीरिक/मानसिक विकलांग/दिव्यांग से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित। **(10) एए/10;** सीएटीजी-एसडीएएच-बीआईजे-एसएमयू-37-25-1; बीरनगर; स्वतंत्रता सेनानियों/युद्ध के सैनिकों की विधवाओं और रेलवे कर्मचारियों की विधवाओं, व्यक्तियों जिनकी जमीन रेलवे द्वारा अपने उपयोग हेतु लिए जाने पर वे हटाए गए हैं/विस्थापित हुए हैं, से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(11) एए/11;** सीएटीजी-एसडीएएच-टीएचपी-एसएमयू-38-25-1; ताहेरपुर; स्वतंत्रता सेनानियों/युद्ध के सैनिकों की विधवाओं और रेलवे कर्मचारियों की विधवाओं, व्यक्तियों जिनकी जमीन रेलवे द्वारा अपने उपयोग हेतु लिए जाने पर वे हटाए गए हैं/विस्थापित हुए हैं, से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित। **(12) एए/12;** सीएटीजी-एसडीएएच-बीडीजेड-एसएमयू-39-25-1; बादकुल्ला; अल्पसंख्यक (मुस्लिम/ईसाई/सिख/बौद्ध/जोरेस्ट्रियन (पारसी)/जैन से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(13) एए/13;** सीएटीजी-एसडीएएच-बीडीजेड-एसएमयू-40-25-1; बादकुल्ला; स्वतंत्रता सेनानियों/युद्ध के सैनिकों की विधवाओं और रेलवे कर्मचारियों की विधवाओं, व्यक्तियों जिनकी जमीन रेलवे द्वारा अपने उपयोग हेतु लिए जाने पर वे हटाए गए हैं/विस्थापित हुए हैं, से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित। **(14) एए/14;** सीएटीजी-एसडीएएच-बीजीएल-एसएमयू-41-25-1; बगुला; अल्पसंख्यक (मुस्लिम/ईसाई/सिख/बौद्ध/जोरेस्ट्रियन (पारसी)/जैन से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(15) एए/15;** सीएटीजी-एसडीएएच-जीईडीई-एसएमयू-42-25-1; गेदे; अनुसूचित जनजाति (एसटी) से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **स्थानः** साइट प्लान के अनुसार (क्रम सं. 1 से 15 प्रत्येक हेतु)। **बयाना राशि (ईएमडी):** 10% (क्रम सं. 1 से 15 प्रत्येक हेतु)। **ई-नीलामी की तिथि और समयः** दिनांक 15.01.2026 को 13.00 बजे। SDAH-332/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सीवी/ई-ऑक्शन/एसएमयू/01/2022** **दिनांक 30.12.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 के द्वारा सियालदह मंडल के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों में स्पेशल माइनर यूनिटों (एसएमयू) के लिए मॉडुलर कैटरिंग स्टॉल के माध्यम से केवल 05 (पाँच) वर्ष की अवधि हेतु कैटरिंग सेवाओं के परिचालन के लिए लाइसेंस के प्रावधान हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। स्थानों का विवरण वेबसाइट में उपलब्ध है। निविदाकारों को केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-नीलामी में भाग लेना है। लॉट का विवरण निम्नानुसार हैः **क्रम सं.; अनुक्रम सं.; लॉट नं.; स्टेशन; जिसके लिए आरक्षित है,** निम्नानुसार हैः- **(1) एए/1;** सीएटीजी-एसडीएएच-बीआईआरए-एसएमयू-44-25-1; बीरा; अनुसूचित जाति (एससी) से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(2) एए/2;** सीएटीजी-एसडीएएच-एमएजे-एसएमयू-46-25-1; माझेग्राम; अनुसूचित जनजाति (एसटी) से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(3) एए/3;** सीएटीजी-एसडीएएच-जीएन-एसएमयू-47-25-1; गोपालनगर; स्वतंत्रता सेनानियों/युद्ध के सैनिकों की विधवाओं और रेलवे कर्मचारियों की विधवाओं, व्यक्तियों जिनकी जमीन रेलवे द्वारा अपने उपयोग हेतु लिए जाने पर वे हटाए गए हैं/विस्थापित हुए हैं, से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(4) एए/4;** सीएटीजी-एसडीएएच-टीकेएफ-एसएमयू-48-25-1; ताकि रोड; शारीरिक/मानसिक विकलांग/दिव्यांग से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(5) एए/5;** सीएटीजी-एसडीएएच-टीएएलए-एसएमयू-49-25-1; टाला; अनुसूचित जनजाति (एसटी) से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(6) एए/6;** सीएटीजी-एसडीएएच-बीबीआर-एसएमयू-50-25-1; बाग बाजार; अनुसूचित जाति (एससी) से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(7) एए/7;** सीएटीजी-एसडीएएच-बीबीडीबी-एसएमयू-51-25-1; बिनय बादल दिनेश बाग; शारीरिक/मानसिक विकलांग/दिव्यांग से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(8) एए/8;** सीएटीजी-एसडीएएच-केवाईपी-एसएमयू-52-25-1; कल्याणपुर; अल्पसंख्यक (मुस्लिम/ईसाई/सिख/बौद्ध/जोरेस्ट्रियन (पारसी)/जैन से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित। **(9) एए/9;** सीएटीजी-एसडीएएच-एचटी-एसएमयू-53-25-1; होटर; अनुसूचित जाति (एससी) से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(10) एए/10;** सीएटीजी-एसडीएएच-डीएमयू-एसएमयू-54-25-1; धामुया; गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोग (बीपीएल) से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(11) एए/11;** सीएटीजी-एसडीएएच-एमजीटी-एसएमयू-55-25-1; मगराहाट; स्वतंत्रता सेनानियों/युद्ध के सैनिकों की विधवाओं और रेलवे कर्मचारियों की विधवाओं, व्यक्तियों जिनकी जमीन रेलवे द्वारा अपने उपयोग हेतु लिए जाने पर वे हटाए गए हैं/विस्थापित हुए हैं, से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित। **(12) एए/12;** सीएटीजी-एसडीएएच-एसएनयू-एसएमयू-56-25-1; संग्रामपुर; अल्पसंख्यक (मुस्लिम/ईसाई/सिख/बौद्ध/जोरेस्ट्रियन (पारसी)/जैन से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(13) एए/13;** सीएटीजी-एसडीएएच-डी-एसएमयू-57-25-1; देउला; अनुसूचित जाति (एससी) से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(14) एए/14;** सीएटीजी-एसडीएएच-डी-एसएमयू-58-25-1; देउला; गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोग (बीपीएल) से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(15) एए/15;** सीएटीजी-एसडीएएच-एनटीए-एसएमयू-59-25-1; नेतरा; अनुसूचित जाति (एससी) से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(16) एए/16;** सीएटीजी-एसडीएएच-बीएसडी-एसएमयू-60-25-1; बसुलडांगा; स्वतंत्रता सेनानियों/युद्ध के सैनिकों की विधवाओं और रेलवे कर्मचारियों की विधवाओं, व्यक्तियों जिनकी जमीन रेलवे द्वारा अपने उपयोग हेतु लिए जाने पर वे हटाए गए हैं/विस्थापित हुए हैं, से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **(17) एए/17;** सीएटीजी-एसडीएएच-बीएसडी-एसएमयू-61-25-1; बसुलडांगा; गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोग (बीपीएल) से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित। **(18) एए/18;** सीएटीजी-एसडीएएच-जीयूआरएन-एसएमयू-62-25-1; गुरुदास नगर; स्वतंत्रता सेनानियों/युद्ध के सैनिकों की विधवाओं और रेलवे कर्मचारियों की विधवाओं, व्यक्तियों जिनकी जमीन रेलवे द्वारा अपने उपयोग हेतु लिए जाने पर वे हटाए गए हैं/विस्थापित हुए हैं, से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित। **(19) एए/19;** सीएटीजी-एसडीएएच-जीयूआरएन-एसएमयू-63-25-1; गुरुदास नगर; अनुसूचित जनजाति (एसटी) से संबंधित किसी भी व्यक्ति के लिए आरक्षित। **स्थानः** साइट प्लान के अनुसार (क्रम सं. 1 से 19 प्रत्येक हेतु)। **बयाना राशि (ईएमडी):** 10% (क्रम सं. 1 से 19 प्रत्येक हेतु)। **ई-नीलामी की तिथि और समयः** दिनांक 16.01.2026 को 13.00 बजे। SDAH-330/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**नीलामी आमंत्रण सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा स्टेशन में 05 वर्ष की अवधि हेतु दो (02) कैंटीन के आवंटन के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए **ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से **www.ireps.gov.in** का संदर्भ लें। **ऑक्शन कैटलॉग सं.: एचडब्ल्यूएच-कैंटीन-26, क्रम सं.: एए/1, लॉट सं./कैटेगरी: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एसटीजीईन-56-25-1 (विविध-स्टैटिक-सेवाएँ-स्टैटिक जनरल), विवरणः** हावड़ा स्टेशन, पार्सल एरिया/पार्सल शेड-11 के पास पाँच (05) वर्ष की अवधि के लिए कैंटीन का निर्माण, परिचालन एवं रखरखाव। **क्रम सं.: एए/2, लॉट सं./कैटेगरी: एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-एसटीजीईएन-57-25-1(विविध-स्टैटिक-सेवाएँ-स्टैटिक जनरल)। विवरणः** हावड़ा स्टेशन में, नई डीआरएम बिल्डिंग के पास/पार्सल शेड-12 के सामने/सीमेंट टैंक के निकट पाँच (05) वर्ष की अवधि के लिए कैंटीन का निर्माण, परिचालन एवं रखरखाव। **रेट यूनिटः** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क (एए/1 और एए/2 प्रत्येक हेतु)। **ट्रिप/दिनः** 1826 (एए/1 और एए/2 प्रत्येक हेतु)। **ईएमडीः** 10% (एए/1 और एए/2 प्रत्येक हेतु)। **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2 (एए/1 और एए/2 प्रत्येक हेतु)। **टर्नओवर की आवश्यकताः** 0 (एए/1 और एए/2 प्रत्येक हेतु)। **अंतिम तिथि और समयः** 15.01.2026 को 12.30 बजे (क्रम सं. एए/1 हेतु) और 15.01.2026 को 12.40 बजे (क्रम सं. एए/2 हेतु) HWH-503/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter



**सियालदह मंडल के तहत काजीपाड़ा एवं कड़ेया कदम्बगाछी हॉल्ट स्टेशनों में हॉल्ट ठेकेदारों की नियुक्ति**

**सूचना सं.: सीडब्ल्यू/हॉल्ट/एमआईएससी/2026 दिनांकः 01.01.2026**

पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल के अधीन **काजीपाड़ा (केजेडपीआर)** एवं **कड़ेया कदम्बगाछी (केबीजीएच) हॉल्ट** स्टेशनों में 05 (पांच) वर्षों (प्रारम्भिक अवधि) के लिए निर्धारित कमिशन के आधार पर टिकटों की बिक्री हेतु हॉल्ट ठेकेदारों की नियुक्ति के लिए पश्चिम बंगाल के **24 परगना (उत्तर) जिले** के पात्र व्यक्तियों से सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं: • **हॉल्ट स्टेशनों के नामः** काजीपाड़ा (केजेडपीआर) एवं कड़ेया कदम्बगाछी (केबीजीएच)। • **हॉल्ट स्टेशन का कार्यभार ग्रहण करने से पहले चुने गए उम्मीदवार द्वारा जमा की जाने वाली जमानत राशि की रकम :** **(I)** रु. 2,000/- (एफए एंड सीएओ/पूर्व रेलवे/कोलकाता के पक्ष में एफडीआर के रूप में), **(II)** टिकटों के लिए अग्रिम जमा राशि (7 दिनों की औसत बिक्री की बराबर राशि)। **(III)** ब्लूटूथ सक्षम पोर्टेबल थर्मल प्रिंटर की सुरक्षा जमा रकम रु. 37,500/-। **(IV)** टिकट रोलों की सुरक्षा जमा रकम रु. 25,000/-। • **आवेदन जमा करने का स्थानः** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा सं. 44, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014। • **आवेदन जमा करने की तारीखः** 02.01.2026 से 21.01.2026 तक प्रत्येक कार्यकारी दिवस को 11.00 बजे से 18.00 बजे के बीच तथा दिनांक 22.01.2026 को 14.00 बजे तक। • **आवेदन पेटी खोले जाने की तारीखः** 22.01.2026 को 14.30 बजे। • **सूचना पट्ट का स्थान एवं वेबसाइट का विवरण जहां सम्पूर्ण विवरण (आवेदन का प्रारूप तथा नियम एवं शर्तों सहित) देखे जा सकते हैं:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, सियालदह तथा **www.er.indianrailways.gov.in**

मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**हावड़ा मंडल के तहत ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के लिए कुछ लोकल ट्रेनों का निरस्तीकरण**

हावड़ा मंडल के तहत आरामबाग-मायापुर खंड में सीमित ऊंचाई के सबवे कार्य के लिए, दिनांक 03/04.01.2026 **(शनिवार/रविवार)** की मध्यवर्ती रातों को 8 घंटे 15 मिनट के लिए **पावर और ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी तथा तारकेश्वर स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज स्थापित करने के लिए, **दिनांक 03/04.01.2026 (शनिवार/रविवार)** और दिनांक **04/05.01.2026 (रविवार/सोमवार)** की मध्यवर्ती रातों को प्रति रात 4 घंटे 30 मिनट के लिए **ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्थाएं की गई हैं:

- **[निरस्तीकरण (दिनांक 03.01.2026 (शनिवार)] :** (1) 37424 आरामबाग - तारकेश्वर लोकल, (2) 37423 तारकेश्वर - आरामबाग लोकल और (3) 37351 हावड़ा - तारकेश्वर लोकल।
- **[निरस्तीकरण (दिनांक 04.01.2026 (रविवार)] :** (1) 37373 हावड़ा - गोघाट लोकल, (2) 37374 गोघाट - हावड़ा लोकल, (3) 37401 तारकेश्वर - गोघाट लोकल, (4) 37421 तारकेश्वर - आरामबाग लोकल, (5) 37372 गोघाट - हावड़ा लोकल, (6) 37351 हावड़ा - तारकेश्वर लोकल, (7) 37402 गोघाट - तारकेश्वर लोकल, (8) 37422 आरामबाग - तारकेश्वर लोकल, (9) 37371 हावड़ा-गोघाट लोकल, (10) 37312 तारकेश्वर-हावड़ा लोकल, (11) 37414 तारकेश्वर-सेवड़ाफुली लोकल और (12) 37413 सेवड़ाफुली-तारकेश्वर लोकल।
- **[निरस्तीकरण (दिनांक 05.01.2026 (सोमवार)] :** (1) 37312 तारकेश्वर - हावड़ा लोकल, (2) 37414 तारकेश्वर - सेवड़ाफुली लोकल और (3) 37413 सेवड़ाफुली - तारकेश्वर लोकल।

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेनें और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**निविदा संख्या : RHF-FWP-MCF-2025-048,** नियत तिथिः **17.01.2026**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-III/एफडब्ल्यूपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या **RHF-FWP-MCF-2025-048,** नियत तिथि **17.01.2026** जारी की जाती है। यह खुली ई - निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है। यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है।
**कार्य का नाम :** रायबरेली स्थित फोर्ज्ड व्हील प्लांट में रोटरी हर्थ फर्नेस के जोन 4 और 5 की छत की रिलाइनिंग और आरएचएफ के चूल्हे की ऊपरी दो परतों की रिलाइनिंग का कार्य, कार्यक्षेत्र के अनुसार किया जाएगा। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपया में) :** ₹ 1,91,17,212.19 (रु. एक करोड़ इक्यावन लाख सत्रह हजार दो सौ बारह रुपये और उन्नीस पैसे मात्र), जिसमे 18% की दर से जीएसटी शामिल है। **धरोहर राशि :** ₹ 2,45,600.00 (रु. दो लाख पैंतालीस हजार छह सौ मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य (अप्रैल 2022 जीसीसी के कार्य अनुबंध के पैरा -03 अनुसार) • **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः** 17.01.2026 को 12:00 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-III/एफडब्ल्यूपी

**निविदा संख्या : AMC-Air Compressor-052,** नियत तिथिः **21.01.2026**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-III/एफडब्ल्यूपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या **AMC-Air Compressor-052,** नियत तिथि **21.01.2026** जारी की जाती है। यह खुली ई - निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है। यह निविदा दो पैकेट प्रणाली पर आधारित है।
**कार्य का नाम :** कार्यक्षेत्र के अनुसार 3 एयर कंप्रेसर (निर्माताः मेसर्स एटलस कॉपको, मॉडलः ZR750) और 2 एयर ड्रायर (निर्माताः मेसर्स एटलस कॉपको, मॉडलः CD 3000+) के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (AMC) **कार्य की अनुमानित लागत (रुपया में) :** ₹ 1,38,75,148.00 (रु. एक करोड़ अड़तीस लाख पचहत्तर हजार एक सौ अड़तालीस मात्र), जिसमे 18% की दर से जीएसटी शामिल है। **धरोहर राशि :** ₹ 2,19,400.00 (रु. दो लाख उन्नीस हजार चार सौ मात्र), **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ 5000 (रु. पांच हजार मात्र) • **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः** 21.01.2026 को 15:30 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-III/एफडब्ल्यूपी

**ई-निविदा सूचना**
**ई-निविदा सूचना संख्या- MCF-ELECT-PR-FWP-01** दिनांकः- **26.12.2025**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप. मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस, आधुनिक कोच फैक्ट्री, रायबरेली द्वारा भारतीय रेलवे के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से सक्षम एवं अनुभवी निविदाकारों से एकल पैकेट सिस्टम पर आधारित ओपन ई-निविदा निम्न कार्य के लिए आमंत्रित की जा रही है।
**कार्य का नाम :** एमसीएफ रायबरेली में एफडब्लूपी के अधूरे आवासों एवं बोर वेल हेतु विद्युतीय कार्य। **कार्य का स्थानः** आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली। **लागत (लगभग) :** ₹ 14441973.27, **अग्रिम राशि :** ₹ 222200.00, **निविदा बंद करने की तिथि व समयः** 19.01.2026 (15:30 बजे), **कार्य समाप्ति की अवधिः** आठ महीने। **नियम और शर्तें:** अन्य विवरण, नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज में उपलब्ध हैं।
उप. मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस एवं प्रोजेक्ट

**ई-निविदा सूचना**
**ई-निविदा सूचना संख्या- MCF-ELECT-PR-FWP-02** दिनांकः- **26.12.2025**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप. मुख्य विद्युत अभियंता / पीएस, आधुनिक कोच फैक्ट्री, रायबरेली द्वारा भारतीय रेलवे के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से सक्षम एवं अनुभवी निविदाकारों से एकल पैकेट सिस्टम पर आधारित ओपन ई-निविदा निम्न कार्य के लिए आमंत्रित की जा रही है।
**कार्य का नाम :** फोर्ज्ड व्हील प्लांट, एम सी एफ, रायबरेली में विभिन्न स्टोर बिल्डिंगों हेतु विद्युतीय कार्य। **कार्य का स्थानः** आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री, रायबरेली। **लागत (लगभग) :** ₹ 9719604.78, **अग्रिम राशि :** ₹ 194400.00, **निविदा बंद करने की तिथि व समयः** 20.01.2026 (15:30 बजे), **कार्य समाप्ति की अवधिः** आठ महीने। **नियम और शर्तें:** अन्य विवरण, नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** पर निविदा दस्तावेज में उपलब्ध हैं।
उप. मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस एवं प्रोजेक्ट

**निविदा संख्या : Calib-jig-25-26-176**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम एंड पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या **Calib-jig-25-26-176** नियत तिथिः- **19.01.2026** जारी की जाती है। यह खुली ई-निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है। यह निविदा द्वि पैकेट प्रणाली पर आधारित है।
**कार्य का नाम :** खुली निविदा के माध्यम से कार्य के दायरे के अनुसार शेल शॉप में स्थित मैनुअल जिग और फिक्स्चर की ओवरहॉलिंग, कैलिब्रेशन और रखरखाव अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपया में) :** ₹ 4,65,56,898.15 (रु. चार करोड़ पैंसठ लाख छप्पन हजार आठ सौ अठानवे और पंद्रह पैसे मात्र), **धरोहर राशि :** ₹ 3,82,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ 00.00, **कार्य समापन की अवधिः** (28 माह), • **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः** 19.01.2026 को 15:30 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
कार्य प्रबंधक/संयंत्र

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मतदान केंद्र स्थापित करने के लिए चुनाव आयोग खुद करेगा आवासीय परिसरों की पहचान

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मतदान केंद्रों को लेकर चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य प्रशासन की ओर से तय समय पर सूची उपलब्ध न कराए जाने के बाद अब चुनाव आयोग ने यह जिम्मेदारी खुद संभालने का निर्णय लिया है। आयोग अब अपने स्वतंत्र तंत्र के जरिए बहुमंजिला आवासीय परिसरों की पहचान करेगा, जहां मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, जिलाधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को ऐसे आवासीय परिसरों की पहचान करने का निर्देश दिया गया था, जहां कम से कम 300 मतदाता रहते हों। लेकिन, लगातार दो बार समय सीमा दिए जाने के बावजूद यह सूची आयोग को नहीं सौंपी जा सकी। 31 दिसंबर अंतिम तारीख थी, इसके बाद भी कई जिलों से जानकारी नहीं पहुंची। इसी के चलते चुनाव आयोग ने प्रशासन पर निर्भर न रहने का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि आयोग जल्द ही इस पूरी प्रक्रिया को लेकर विस्तृत योजना जारी करेगा। आयोग यह भी तय करेगा कि किन परिसरों में मतदान केंद्र बनाए जाएंगे और वहां व्यवस्थाएं कैसे की जाएंगी।

चुनाव आयोग ने यह भी साफ किया है कि यदि किसी आवासीय परिसर का मालिकाना संगठन या समिति परिसर के भीतर मतदान केंद्र बनाने की अनुमति नहीं देती है, तो आयोग नजदीकी स्थान पर अस्थायी मतदान केंद्र बनाएगा। ऐसे अस्थायी केंद्र इस तरह चुने जाएंगे कि आसपास स्थित एक से अधिक आवासीय परिसरों के मतदाता वहां आसानी से मतदान कर सकें।

### 2010 के बाद जारी ओबीसी प्रमाणपत्र एसआईआर सुनवाई में मान्य नहीं होंगे : चुनाव आयोग

राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावों और आपत्तियों की सुनवाई के दौरान 2010 के बाद राज्य सरकार द्वारा जारी ओबीसी प्रमाणपत्रों को पहचान के सहायक दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में स्थिति स्पष्ट कर दी है। यह स्पष्टीकरण उस आदेश के बाद आया है, जिसमें 24 दिसंबर को कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने निर्वाचन आयोग से यह बताने को कहा था कि क्या ऐसे ओबीसी प्रमाणपत्रों को विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया में मान्य दस्तावेज माना जाएगा। आयोग ने साफ किया है कि किसी भी स्थिति में 2010 के बाद जारी ओबीसी प्रमाणपत्रों का उपयोग पहचान के लिए नहीं किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार, निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, जिलाधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को इस निर्देश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। किसी भी स्तर पर उल्लंघन होने पर जिम्मेदार संबंधित अधिकारी की होगी।

# सांस्कृतिक और साहित्यिक विविधता की झलक देगा 34वां रिसड़ा मेला

**हुगली :** मिनी भारत के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका 34वां रिसड़ा मेला 3 जनवरी से शुरू होकर 16 जनवरी तक चलेगा। मेले का विधिवत उद्घाटन श्रीरामपुर सांसद कल्याण बनर्जी करेंगे। यह जानकारी रिसड़ा नगर पालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि जिस तरह बंगाल के लोग दुर्गा पूजा, जगद्धात्री पूजा और काली पूजा का बेसब्री से इंतजार करते हैं, उसी तरह रिसड़ा में आयोजित 13 दिवसीय इस भव्य मेले का भी लोगों को सालभर इंतजार रहता है। मेले में न केवल पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों से, बल्कि देश के अन्य हिस्सों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं और तरह-तरह के सामानों की खरीदारी करते हैं।

रिसड़ा मेला लोक संस्कृति, साहित्य, संगीत और काव्य-कविता के साथ-साथ भारत की विविधता में एकता की झलक प्रस्तुत करता है। मेले में करीब 300 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें स्वास्थ्य सेवाओं और बीमारियों के प्रति जागरूकता से जुड़े स्टॉल भी शामिल हैं। मंच पर प्रतिदिन रिसड़ा, कोलकाता, मुंबई सहित अन्य क्षेत्रों से आए जाने-माने कलाकार हिंदी, भोजपुरी, उर्दू और अन्य भाषाओं में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। बच्चों के लिए भी मनोरंजन की विशेष व्यवस्था की गई है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे और फ्री वाई-फाई की सुविधा होगी। नगर पालिका और प्रशासन के स्वयंसेवक पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था करेंगे, और आपात स्थिति के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी।

मिश्रा ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से आपसी सौहार्द और सेवा के संकल्प की अपील की। उन्होंने स्वयं वर्ष के प्रथम दिन फुटपाथों और रेलवे स्टेशनों पर रात गुजारने वाले जरूरतमंदों में कंबल वितरित कर मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया।

## नए साल के जश्न के बीच रायगंज में युवा तृणमूल नेता की गोली मारकर हत्या, दो गिरफ्तार



**उत्तर दिनाजपुर :** जिले के रायगंज में बुधवार की रात युवा तृणमूल कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष नब्येंदु घोष (37) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार की रात को ही दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घटना रायगंज के मोहनबाटी बाजार संलग्न इलाके की है। बुधवार की रात नब्येंदु अपने घर के पास दोस्तों के साथ 'न्यू ईयर इव' की पिकनिक मना रहे थे। इसी दौरान उन पर जानलेवा हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल नब्येंदु को तुरंत रायगंज मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके सीने पर गोली लगने के गहरे निशान पाए गए हैं। रायगंज थाना पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसके आधार पर रात में ही दो लोगों को दबोच लिया गया। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया आग्नेयास्त्र भी जब्त कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

## 'अवैध' भूमि अधिग्रहण का आरोप, न्यूटाउन में दुर्गा अंगन परियोजना के खिलाफ अदालत जाएगी सीपीएम

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पहल पर न्यूटाउन में प्रस्तावित विश्व के सबसे बड़े 'दुर्गा अंगन' निर्माण को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। इस परियोजना के विरोध में अब सीपीएम अदालत का दरवाजा खटखटाने जा रही है। पार्टी का आरोप है कि न्यूटाउन में दुर्गा अंगन के लिए प्रस्तावित जमीन का अधिग्रहण 'अवैध' तरीके से किया गया है।

राज्य के पूर्व आवास मंत्री और वरिष्ठ सीपीएम नेता गौतम देव ने दुर्गा अंगन निर्माण परियोजना के खिलाफ कानूनी लड़ाई की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि बिना नियमों का पालन किए जमीन पर कब्जा किया गया है, जो कानून के खिलाफ है। इसी आधार पर सीपीएम इस



परियोजना को रोकने के लिए न्यायालय में याचिका दायर करेगी।

उल्लेखनीय है कि न्यूटाउन के अत्याधुनिक शहर क्षेत्र के केंद्र में अगले दो वर्षों के भीतर भव्य दुर्गा अंगन के निर्माण की योजना है, जिसे सरकार एक प्रमुख धार्मिक-सांस्कृतिक परियोजना के रूप में देख रही है। वहीं विपक्ष का आरोप है कि परियोजना के नाम पर भूमि अधिग्रहण में अनियमितता हुई है।

## आईएमआई कोलकाता में महिला उद्यमिता पर पैनल चर्चा, उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के इंटरनेशनल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (आईएमआई) में आयोजित वैश्विक सम्मेलन के दौरान महिला उद्यमिता पर एक प्रभावशाली पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। यह सत्र महिलाओं के नेतृत्व, देखभाल की भूमिका और मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी महिला नेताओं और नीति निर्माताओं ने अपने अनुभव और विचार साझा किए। उद्देश्य-प्रेरित महिला नेतृत्व: भारत की विकास गाथा का पुनर्रचना विषय पर आयोजित इस चर्चा में मनोचिकित्सक डॉ. मीनू बुधिया (संस्थापक, केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल एवं आईकैनफ्लाई इंटरनेशनल स्कूल), प्रियदर्शिनी भट्टाचार्य (भारतीय प्रशासनिक सेवा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पश्चिम बंगाल सरकार), सनाया मेहता व्यास (निदेशक, सेलवेल वन समूह) तथा मंजिर चटर्जी (संस्थापक, फोक प्रोडक्ट्स) शामिल रहीं। सत्र का संचालन आईएमआई की प्रोफेसर प्रो. सोनी अग्रवाल ने किया।

डॉ. मीनू बुधिया ने आत्म-देखभाल को नेतृत्व की पहली शर्त बताते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों को




स्वीकार करने से ही अवसरों का सृजन होता है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभवों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि दामोदर वैली कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुरेश कुमार (भारतीय प्रशासनिक सेवा) ने नेट जीरो लक्ष्य और जलवायु संरक्षण में डिजिटल तकनीक की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रियदर्शिनी भट्टाचार्य ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की बात कही और युवाओं से प्रश्न पूछने की आदत विकसित करने का आह्वान किया। मंजिर चटर्जी ने सहयोग और ग्रामीण कौशल विकास की आवश्यकता बताई, जबकि सुश्री सनाया मेहता व्यास ने रुचि, निर्णय क्षमता और शारीरिक फिटनेस को सफलता की कुंजी बताया।

## अभया फंड में कथित भ्रष्टाचार, जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के अध्यक्ष पद से अनिकेत महतो का इस्तीफा

**कोलकाता :** अभया फंड में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट में असंतोष खुलकर सामने आ गया है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर अनिकेत महतो ने संगठन के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। वर्ष के पहले दिन गुरुवार को दिए अपने त्यागपत्र में अनिकेत ने संगठन की कार्यप्रणाली को अलोकतांत्रिक बताते हुए कड़ी नाराज़गी जताई।

अनिकेत महतो ने स्पष्ट किया कि जिस तरीके से फ्रंट का संचालन हो रहा है, वह अभया को न्याय दिलाने की मूल भावना के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि अभया फंड के गठन और संचालन में पारदर्शिता का अभाव है और फंड के नाम पर धन की हेराफेरी के आरोपों को नजरअंदाज किया जा रहा है। इस्तीफे में उन्होंने कहा कि बार-बार मतभेदों के बावजूद वह आंदोलन को आगे बढ़ाने की कोशिश करते रहे। अपने साथियों देवाशीष हालदार और आसफाकुल्ला नायरा के तबादले के विरोध में भी वे सक्रिय रहे, लेकिन संगठन के भीतर की अनियमितताओं पर नेतृत्व ने कोई ध्यान नहीं दिया। अनिकेत का कहना है कि ट्रस्ट और एग्जीक्यूटिव कमेटी के बीच तालमेल की कमी और कानूनी सलाह की अनदेखी करते हुए जिस तरह से फ्रंट का गठन किया गया, वह अभया के न्याय की लड़ाई को कमजोर करता है। इन्हीं कारणों से उन्होंने अध्यक्ष पद छोड़ने का निर्णय लिया।

## माता रानी का भव्य जागरण संपन्न, श्रद्धालुओं ने उठाया भरपूर आनंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** विगत पांच वर्षों से माता रानी का पावन जागरण काली पूजा के साथ संयुक्त रूप से श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता रहा है। किंतु इस वर्ष कुछ अपरिहार्य कारणों से यह आयोजन काली पूजा के साथ नहीं हो सका। इसी क्रम में माता रानी के जागरण को अलग तिथि पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, 28 दिसंबर को माता रानी का भव्य जागरण अत्यंत श्रद्धा, अनुशासन और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुरक्षा, भजन-कीर्तन, व्यवस्थापन और श्रद्धालुओं की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे आयोजन गरिमामय और सुव्यवस्थित रूप में सम्पन्न हो सका। इस पावन आयोजन




को सफल बनाने में के.पी. पांडेय, बी.एन. ओझा, अशोक कुंवर, आर.पी. सिंह, शैलेंद्र सिंह, सुमन ओझा, राजेश्वर नाथ सिंह, संजय सिंह, पिंटू पांडेय, संजय सिंह (नेवी), सदान लाल और मोहम्मद मुस्तकीम अंसारी का विशेष योगदान रहा।

इन सभी सहयोगियों के समर्पण, सेवा भाव और सामूहिक प्रयास के कारण माता रानी का जागरण अत्यंत सफल, भक्तिमय और स्मरणीय बन सका। आयोजन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत, जागरण और माता रानी की आराधना का भरपूर आनंद लिया और पूरा वातावरण श्रद्धा एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

## कांचरापाड़ा वर्कशॉप ने 2026 सुविधाओं की जानकारी वाला टेबल कैलेंडर किया लॉन्च

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे के कांचरापाड़ा वर्कशॉप ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। कांचरापाड़ा वर्कशॉप के कार्मिक विभाग द्वारा 2026 सुविधाओं की जानकारी वाला टेबल कैलेंडर लॉन्च किया गया, जो अपनी तरह का पहला प्रयास माना जा रहा है। यह टेबल कैलेंडर पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी तथा कांचरापाड़ा वर्कशॉप के मुख्य कार्यशाला प्रबंधक के मार्गदर्शन में जारी किया गया। इसका उद्देश्य कर्मचारियों और उनके परिवारों को विभिन्न कल्याण, चिकित्सा और कार्मिक सेवाओं की स्पष्ट, सुव्यवस्थित और समेकित जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि वे इन सुविधाओं का बेहतर ढंग से लाभ उठा सकें।



2026 सुविधाओं की जानकारी वाला यह टेबल कैलेंडर कर्मचारियों के लिए उपयोगी कई अहम जानकारियों को समेटे हुए है। इसमें ईआरएचएस/केपीए से जुड़ी सुविधाएं, स्टाफ बेनिफिट फंड के अंतर्गत हॉलिडे होम्स, रेलवे इंस्टीट्यूट्स, दिशा पोर्टल (क्यूआर कोड आधारित ऑनलाइन सेवा प्रणाली), ब्लड बैंक के लिए लाइफलाइन ऐप, कैंटीन सेवाएं, स्काउट्स एवं गाइड्स से संबंधित गतिविधियां, एचआरएमएस के माध्यम से पास एवं पीटीओ जनरेशन प्रक्रिया, ई-पास और पीटीओ द्वारा ऑनलाइन आरक्षण सहित अन्य कर्मचारी-केंद्रित सेवाओं का विवरण दिया गया है। इसके साथ ही, कैलेंडर में वर्ष 2025 के दौरान कांचरापाड़ा वर्कशॉप के कार्मिक विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की झलक भी तस्वीरों के माध्यम से प्रस्तुत की गई है। यह पहल सूचना प्रसार को मजबूत करने और कर्मचारी सहायता प्रणाली को और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। यह टेबल कैलेंडर कांचरापाड़ा वर्कशॉप के सभी विभागों तथा आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा।

## बांकुड़ा में बेकाबू बोलेरो ने टोटो को मारी टक्कर, दो की मौत

**बांकुड़ा :** नववर्ष की पूर्व संध्या पर बांकुड़ा जिले के गंगाजलघाटी थाना अंतर्गत भैरवपुर गांव में एक बेकाबू बोलेरो ने पहले एक टोटो को टक्कर मारी और फिर एक राहगीर को कुचल दिया। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपित चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। हादसे के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया। गुस्साए लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-60 को लंबे समय तक जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, घने कोहरे के कारण वाहन चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे यह दुर्घटना हुई। साथ ही फरार चालक की तलाश भी शुरू कर दी गई है। मृतकों की पहचान राहगीर कूरान घोष और टोटो चालक सोमनाथ के रूप में हुई है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, एक बोलेरो वाहन तेज रफ्तार में राष्ट्रीय राजमार्ग-60 से होते हुए बांकुड़ा की ओर आ रहा था। उसी समय आगे टोटो लेकर सोमनाथ जा रहे थे। तभी बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि टोटो को टक्कर मारने के बाद बोलेरो चालक ने नियंत्रण खो दिया और सड़क के किनारे पैदल चल रहे कूरान घोष को कुचल दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। गंभीर रूप से घायल दोनों व्यक्तियों को स्थानीय लोगों ने अमरकानन अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और फरार बोलेरो चालक की तलाश तेज कर दी गई है।

## नववर्ष पर मुनिश्री जिनेश कुमारजी के सान्निध्य में विशाल आध्यात्मिक अनुष्ठान एवं वृहद मंगलपाठ कार्यक्रम

**कोलकाता :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार जी ठाणा-3 के सान्निध्य में नये वर्ष की प्रथम सुबह में आध्यात्मिक अनुष्ठान एवं बृहद्ध मंगल पाठ कार्यक्रम का भव्य आयोजन जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकत्ता-पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा डिविनिटी पवेलियन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे। विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुनिश्री जिनेश कुमार जी ने कहा- नया वर्ष नये दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत हुआ है, नई उमंग लेकर आया है। नया वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक आनंदमय, निरामय और मंगलमय बनें ऐसी में सभी के प्रति मंगल कामना व्यक्त करता हूँ। उन्होंने आगे कहा -जीवन की सफलता के पांच सूत्र आचार्यश्री




महाश्रमणजी ने दिये हैं। सहन करो, श्रम करो, सेवा करो, संयम करो और स्वभाव बदलो-ये सफलता के प्रभावी पाँच सूत्र है। मन तो सबके पास है परंतु मनोबल विरले लोगों में ही होता है। मनोबल के विकास के लिए सहिष्णुता का विकास जरूरी है। जो सहता है वह रहता है। आचार्य भिक्षु सहिष्णुता की प्रतिमूर्ति थे। उनकी समझाने की शैली विशिष्ट थी। वे संघर्षों में भी स्थितप्रज्ञ रहे। हमें भी जीवन में आने वाली अनुकूलताओं व प्रतिकूलताओं में समभाव की चेतना की विकास करना चाहिए। मुनि श्री ने आगे कहा- जीवन में सात्विकता व सादगी रहनी चाहिए। विलासिता, व्यसन भौतिकता, आलस्य के आरामीपन व फिजूलखर्ची से बचने का प्रयास करें। नव वर्ष पर आध्यात्मिक संकल्प स्वीकार करें। पूर्वांचल सभा सुव्यवस्थित कार्यक्रम का आयोजन कर साधुवाद की पात्र बनी हैं। इस अवसर पर मुनि श्री जिनेश कुमार जी ने विभिन्न मंत्रों, स्तोत्रों के जप-पाठ से आध्यात्मिक अनुष्ठान करवाया एवं बृहद् मंगल पाठ फरमाया। इस अवसर पर सुमधुर गीत का संगान मुनिश्री कुणाल कुमार जी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल, पूर्वांचल के मंगलाचरण से हुआ। स्वागत भाषण पूर्वांचल तेरापंथी सभा के अध्यक्ष संजय सिंघी ने और आभार ज्ञापन सभा मंत्री पंकज डोसी ने किया। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम पूर्वांचल द्वारा सन् 2026 का टेबल कलेंडर अनावरण कर भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुनिश्री परमानंदजी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकत्ताओं का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

## आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत सात नाबालिग बच्चों को बचाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत सात नाबालिग बच्चों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया। यह अभियान रेलवे परिसरों एवं ट्रेनों में असुरक्षित और भटके हुए बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से देशभर में चलाया जा रहा है। 31 दिसंबर 2025 को हावड़ा, सियालदह एवं आसनसोल मंडलों के आरपीएफ कर्मियों ने वर्दवान, पाकुड़, हावड़ा, सियालदह, आसनसोल एवं जसीडीह रेलवे स्टेशनों तथा ट्रेनों से चार नाबालिग लड़कों और तीन नाबालिग लड़कियों को सुरक्षित बचाया। सभी बच्चों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत संबंधित चाइल्ड हेल्पलाइन अधिकारियों को आगे की देखभाल, परामर्श एवं पुनर्वास के लिए सौंप दिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि



चार नाबालिग बच्चे माता-पिता द्वारा डांटे जाने के बाद घर से भाग गए थे। एक नाबालिग लड़की पारिवारिक कलह के कारण घर छोड़कर चली गई थी। एक अन्य नाबालिग लड़की ट्रेन संख्या 13019 अप (बाघ एक्सप्रेस) में अकेले यात्रा करती हुई पाई गई, जबकि एक नाबालिग लड़का जसीडीह रेलवे स्टेशन पर इधर-उधर भटकता हुआ मिला।

## महिला होमगार्ड की मौत के मामले में कैनिंग खाने का एसआई गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कैनिंग थाने के पुलिस क्वार्टर से महिला होमगार्ड की लाश मिलने के मामले में आरोपी सायन भट्टाचार्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह कैनिंग थाने का सब-इंस्पेक्टर है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उसे बुधवार को बारासात के स्वरूपनगर इलाके से गिरफ्तार किया गया। पिछले शुक्रवार को 22 साल की रेशमी पुलिस स्टेशन के पीछे वाले क्वार्टर में गई थी। उसके बाद, वह पुलिस स्टेशन वापस नहीं आई। घरवालों ने उससे कई बार कॉन्टैक्ट करने की कोशिश की। लेकिन जब कोई जवाब नहीं मिला, तो उसकी बहन रुखशां खातून दीदी के क्वार्टर पहुंची। जब वह वहां गई, तो उसे रेशमी की लटकती हुई लाश मिली। पुलिस ने उसकी बॉडी बरामद की और उसे ऑटोप्सी के लिए भेज दिया।

## बिनायक एनक्लेव में नये साल के उपलक्ष्य पर महाप्रसाद वितरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिनायक एनक्लेव मंदिर प्रांगण में महाभोग का वितरण किया गया। हजारों की संख्या में लोगों ने महाभोग का आनंद लिया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस कार्यक्रम का आयोजन साल के पहले दिन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से रतन झा, विमल झा, अजीत शर्मा, अमित जैन, मनोज शर्मा (ब्लॉक-2), प्रदीप सिंघानिया, विजय अग्रवाल, उदय अग्रवाल, राजू चांडक, संदीप पाल, नवलखा जी और दीपक अग्रहरि के सौजन्य से आयोजित किया गया। इसके अलावा, कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमिटी एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।



इसकी जानकारी विनायक एनक्लेव मंदिर कमिटी के सचिव रतन झा ने दी।

## बर्दवान में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, चालक घायल

**पूर्व बर्दवान :** नववर्ष के पहले ही दिन पूर्व बर्दवान जिले में एक भीषण सड़क दुर्घटना ने एक पूरे परिवार को खत्म कर दिया। 19 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोतराम इलाके में गुरुवार को हुई इस दर्दनाक दुर्घटना में पिता, माता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक परिवार दुर्गापुर से कोलकाता जा रहा था। परिवार का पुत्र मुंबई में कार्यरत था और उसे कोलकाता से फ्लाइट पकड़नी थी। इसी उद्देश्य से माता-पिता अपने बेटे को हवाई अड्डे तक छोड़ने जा रहे थे। जैसे ही उनकी चार पहिया वाहन जोतराम क्षेत्र में पहुंची, तभी सामने चल रहे एक तेल टैंकर से कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार टैंकर के पीछे



लगे लोहे के हिस्से में फंस गई। इस स्थिति में टैंकर कार को काफी दूर तक घसीटता चला गया, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में दुर्गापुर सिटी सेंटर इलाके के निवासी शेख मोहम्मद मुर्शेद (55), उनकी पत्नी रेजिना खातून (51) और पुत्र शेख शाहनवाज (27) की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। कार चालक को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

## हावड़ा मंडल में विकास कार्यों के कारण ट्रेनों के संचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में चल रहे विकास कार्यों के चलते कुछ ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किए गए हैं। आरामबाग और मायापुर स्टेशनों के बीच लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) निर्माण कार्य तथा तारकेश्वर स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) के लॉन्चिंग कार्य के लिए 3/4 जनवरी 2026 और 4/5 जनवरी 2026 को क्रमशः 495 मिनट और 270 मिनट का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप, यात्रियों की सुरक्षा और कार्य की सुचारू प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई लोकल ट्रेनों को रद्द किया गया है। 3 जनवरी 2026 को 37424 आरामबाग-तारकेश्वर, 37423 तारकेश्वर-आरामबाग तथा 37351 हावड़ा-तारकेश्वर लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। 4 जनवरी 2026 को हावड़ा-गोघाट, गोघाट-हावड़ा, तारकेश्वर- गोघाट, तारकेश्वर-आरामबाग, गोघाट-तारकेश्वर, आरामबाग-तारकेश्वर, तारकेश्वर-हावड़ा, तारकेश्वर- शेवड़ाफुली तथा शेवड़ाफुली-तारकेश्वर मार्ग की कई लोकल सेवाएं रद्द की गई हैं, जिनमें ट्रेन संख्या 37373, 37374, 37401, 37421, 37372, 37351, 37402, 37422, 37371, 37312, 37414 और 37413 शामिल हैं। वहीं 5 जनवरी 2026 को 37312 तारकेश्वर-हावड़ा, 37414 तारकेश्वर-शेवड़ाफुली और 37413 शेवड़ाफुली-तारकेश्वर लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी।


अलीपुर चिड़ियाखाना


काशीपुर उद्यान बाटी


विक्टोरिया मेमोरियल

# राज्य में उत्सव और प्रार्थनाओं के साथ नववर्ष का स्वागत

**❑ कल्पतरु उत्सव पर काशीपुर उद्यान बाटी और दक्षिणेश्वर काली मंदिर में भारी भीड़ उमड़ी**

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर गुरुवार को नववर्ष का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और वर्ष 2026 की शुरुआत का उत्सव मनाया। कोलकाता में कड़ाके की ठंड के बावजूद लोग अलीपुर चिड़ियाघर, इको पार्क, निक्को पार्क और विक्टोरिया मेमोरियल पहुंचे। रामकृष्ण मठ के वार्षिक धार्मिक उत्सव कल्पतरु दिवस को मनाने के लिए श्रद्धालु काशीपुर उद्यान बाटी और दक्षिणेश्वर काली मंदिर में बड़ी संख्या में एकत्र हुए। दक्षिण कोलकाता के कालीघाट मंदिर, बीरभूम के तारापीठ मंदिर और हुगली जिले के तारकेश्वर जैसे अन्य धार्मिक स्थलों पर भी लोगों की काफी भीड़ देखी गई, जहां श्रद्धालु सुबह से ही कतारों में लगे हुए थे। राज्य के विभिन्न गिरजाघरों में भी 2026 की शुरुआत के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं। नववर्ष के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा छुट्टी घोषित किए जाने के बाद, कार्यालय जाने वाले लोगों ने भी साल के पहले दिन का भरपूर लाभ उठाया और अपने परिवारों के साथ सिनेमाघरों में फिल्म देखने के साथ-साथ भोजनालयों में स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। राज्य के पिकनिक स्थलों पर भी काफी भीड़ देखी गई। पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा, ताजपुर और मंदारमणी के समुद्री रिसॉर्ट तथा दार्जिलिंग और कालिम्पोंग के पहाड़ी इलाकों में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे, यहां ठहरे अधिकांश पर्यटक वर्ष के पहले सूर्योदय का दीदार करने के लिए सुबह जल्दी उठ गए थे। कोलकाता की मुख्य सड़क, पार्क स्ट्रीट को सुरुचिपूर्ण ढंग से सजाया और रोशन किया गया था जिसने आधी रात तक जश्न मनाने वाले सभी उम्र के लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। सड़क के किनारे स्थित रेस्तरां और बार में भीड़ के चलते अच्छा कारोबार हुआ। इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए, कोलकाता मेट्रो ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर देर रात तक अतिरिक्त सेवाएं संचालित कीं। पुलिस ने कहा कि नववर्ष समारोह के मद्देनजर राज्य भर में, विशेष रूप से सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## एसआईआर : बुजुर्गों और गंभीर मरीजों को सुनवाई में बुलाने पर भड़का डॉक्टर्स फोरम

**आयोग के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी**

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर अब डॉक्टरों का गुस्सा फूट पड़ा है। सर्विस डॉक्टर्स फोरम ने बुजुर्गों, गंभीर रूप से बीमार और दिव्यांग लोगों को सुनवाई के लिए बुलाए जाने को अमानवीय बताते हुए चुनाव आयोग के खिलाफ बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। डॉक्टर्स फोरम का आरोप है कि दिव्यांग लोगों के साथ-साथ ऐसे डॉक्टरों को भी नोटिस भेजे जा रहे हैं, जो हजारों मरीजों के इलाज से जुड़े हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। फोरम के एक सदस्य ने कहा कि युद्ध जैसी आपात परिस्थितियों में भी गंभीर बीमार, बुजुर्ग, दिव्यांग और आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों को छूट दी जाती है। लेकिन एसआईआर प्रक्रिया में ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिल रहा है। संगठन ने इस अमानवीय स्थिति को तत्काल बदलने की मांग करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त को फैक्स भेजा है।

डॉक्टर्स फोरम ने साफ कर दिया है कि यदि जल्द ही इस मामले में सुधार नहीं किया गया, तो संगठन के पास आंदोलन शुरू करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

## हावड़ा में घर में लगी आग में जलकर वृद्धा की मौत



**हावड़ा, समाज्ञा :** नववर्ष के पहले ही दिन हावड़ा के नटवर पाल रोड स्थित रथतला इलाके में गुरुवार की दोपहर एक घर में आग लगने से 70 वर्षीय एक वृद्धा की जिंदा जलकर मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आग घर के अंदर लगी और देखते ही देखते उसने भयावह रूप ले लिया। वृद्धा आग की चपेट में आ गईं और बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं, लेकिन तब तक पूरा घर पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। फिलहाल, आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल सका है। हालांकि, प्राथमिक अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी तरह दीपक या धूपबत्ती से आग भड़क सकती है, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस और दमकल विभाग मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

## नदिया में एक करोड़ का सोना जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दक्षिण बंगाल सीमांत ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया और 700 ग्राम वजन के सोने के छह बिस्कुट जब्त किये। अर्धसैनिक बल ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि सोने के बिस्कुटों की कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है। इसमें कहा गया है कि विशिष्ट खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ कर्मियों ने 30 दिसंबर को उत्तरपाड़ा गेडे गांव के निकट भारत-बंगाल सीमा बाड़ के निकट एक व्यक्ति को रोका और बिस्कुट जब्त किये। बयान के अनुसार, पूछताछ के दौरान, आरोपी ने कहा कि बिस्कुट उसे एक व्यक्ति द्वारा सौंपे गये थे और इन्हें गेडे चौकी के निकट किसी अन्य व्यक्ति तक पहुंचाना था। इसके अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति को कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

## प्रतिष्ठा दिवस पर सांसद कल्याण बनर्जी ने चुनाव आयोग और अमित शाह पर साधा निशाना

**हुगली :** तृणमूल कांग्रेस के प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर श्रीरामपुर के महेश जगन्नाथ मैदान में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीरामपुर विधायक डॉ. सुदीप्त राय ने की। इस अवसर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाने वाले 271 बीएलओ-02 कर्मियों को सम्मानित किया गया। साथ ही कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों में वस्त्र और कंबल का वितरण भी किया गया। समारोह में सांसद कल्याण बनर्जी, रिसड़ा नगर पालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान, रिसड़ा पंचायत के उप-प्रधान शहादत हुसैन, श्रीरामपुर नगर पालिका के सीआईसी संतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में तृणमूल कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। वक्ताओं ने बीएलओ-02 कर्मियों की भूमिका की सराहना करते हुए कार्यक्रम को संगठनात्मक मजबूती और जनसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।




सभा में सांसद कल्याण बनर्जी ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग निष्पक्ष रूप से कार्य नहीं कर रहा है और केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशों के अनुसार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाल में कोई घुसपैठिया नहीं पाया गया और बेबुनियाद आरोपों के जरिए राज्य को बदनाम किया जा रहा है।

सांसद ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के भड़काऊ बयानों का खंडन करते हुए कहा कि बंगाल में मतदान लूट और जंगलराज जैसे आरोप पूरी तरह राजनीति प्रेरित और निराधार हैं। उन्होंने वोटर सूची और नागरिकता के मुद्दे पर भी सवाल उठाया और कहा कि 1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे सभी लोग भारतीय नागरिक हैं, फिर भी आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। अपने भाषण के अंत में कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह लड़ाई बंगालियों के सम्मान और अस्तित्व की है। उन्होंने चुनाव आयोग को अमित शाह का नौकर और गृह मंत्री को घुसपैठिया करार दिया और आरोप लगाया कि बंगालियों की अस्मिता से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस अन्याय और कथित साजिशों के खिलाफ अपना संघर्ष लगातार जारी रखेगी।

## हावड़ा मंडल में पुल मरम्मत कार्य के कारण ट्रेन संचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल में पुल नंबर 26, 40 और 42 के रखरखाव कार्य के कारण 3 जनवरी 2026 को कुछ ट्रेन सेवाओं के संचालन में अस्थायी बदलाव किए गए हैं। सागरदिघी और गोसाइंगांव स्टेशनों के बीच यह कार्य सुबह 11:00 बजे से शाम 18:40 बजे तक ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के तहत किया जाएगा। इसके चलते, रामपुरहाट से एमईएमयू ट्रेन संख्या 63434 और आजिमगंज से 63433 रद्द रहेंगी। इसके अलावा, कटवा-रामपुरहाट-कटवा (63007/63008) एमईएमयू ट्रेन को 3 जनवरी को आजिमगंज से शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा।



रवि पाल के डायरेक्शन में उल्टाडांगा छात्र जन मिलन समिति द्वारा आयोजित ड्राइंग कॉम्पिटिशन में 2025 छात्र-छात्रों ने हिस्सा लिया।

## कल्पतरु उत्सव के उपलक्ष्य में मध्य कलकत्ता साहू समाज ने लगाया सेवा शिविर



**कोलकाता, समाज्ञा :** मध्य कलकत्ता साहू समाज, विगत 25 वर्षों की तरह इस वर्ष भी एक जनवरी को कल्पतरु उत्सव के उपलक्ष्य में काशीपुर उद्यान बाटी में प्रभु श्री रामकृष्ण परमहंस के दर्शन को आने वाले दर्शनार्थियों के लिए पुगलिया पेट्रोल पंप के निकट सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्य में समाज के पदाधिकारी चेयरमैन शंभूनाथ गुप्ता, अध्यक्ष गोवर्धन गुप्ता, कार्यवाहक अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता, महामंत्री महेंद्र प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता के साथ पांचू साव, मुन्नीलाल साव, मिश्रीलाल साव, राजकुमार गुप्ता, विनोद साव, दिलीप गुप्ता, रामानंद साव, जगदीश साव, काली साव, तारक साव, रामचंद्र गुप्ता, गणेश साव, श्यामसुंदर साव, बनारसी साव, सुरेन्द्र साव, अमित साव, राहुल साव, शीतला साव, उपेंद्र साव, पप्पू साव, जगदंबा साव, जितेंदर साव, रुपनाथ साव, सत्यप्रकाश गुप्ता, निशांत गुप्ता, निहोरी साव,चंदन, आशीष आदि कार्यकर्ताओं ने सफलतापूर्वक संपादित हुआ। पश्चिम बंगाल तैलीक साहू सभा से विजय साव, सुरेश गुप्ता, कंचन गुप्ता, अंजू साव, मनोज साव, उमाशंकर साव, पिंटू साव, राजकुमार साव आदि की उपस्थिति रही।

## स्वरुपनगर में एसआईआर सुनवाई के बाद बीमार पड़े व्यक्ति की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिले के स्वरुपनगर थाना अंतर्गत स्वारुपदा गांव में चुनाव आयोग की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर प्रक्रिया से जुड़ी सुनवाई में शामिल होने के कुछ दिनों बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुल्तान सरदार (60) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गत 27 दिसंबर को सुनवाई से लौटने के बाद व्यक्ति की तबीयत बिगड़ गई थी और गुरुवार को हृदयाघात से उसकी मृत्यु हो गई। बताया गया है कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज नहीं था। इसी को लेकर हाल में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत उन्हें सुनवाई के लिए नोटिस भेजा गया था। परिजनों के अनुसार, 27 दिसंबर को सुल्तान स्वारुपनगर प्रखंड विकास कार्यालय में सुनवाई के लिए गए थे। वहां अधिकारियों ने उनके दस्तावेजों में कथित विसंगतियों की बात कही, जिसके बाद वह काफी चिंतित और व्यथित हो गए। सुनवाई से लौटने के बाद से ही उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई और कई दिनों तक अस्वस्थ रहने के बाद गुरुवार सुबह उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

हालांकि, स्वरुपनगर थाने में अब तक इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है।

# पीएम मोदी जल्द ही कोलकाता-गुवाहाटी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी




एर्गोनोमिक सीढ़ी


आरामदायक कुशन वाली बर्थ

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में गुवाहाटी और कोलकाता के बीच बहुप्रतीक्षित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वैष्णव ने कहा कि ये सेवाएं अगले 15-20 दिनों में, संभवतः 18 या 19 जनवरी के आसपास चालू हो जाएंगी। हमने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है और सब कुछ स्पष्ट है। मैं अगले दो-तीन दिनों में सटीक तारीख की घोषणा करूंगा। उन्होंने बताया कि 16 डिब्बों वाली इस ट्रेन की यात्री क्षमता 823 है और इसकी डिजाइन गति 180 किलोमीटर प्रति घंटा है। हालांकि, यह फिलहाल दोनों शहरों के बीच 120-130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी तथा असम और पश्चिम बंगाल के प्रमुख जिलों को कवर करेगी। दोनों राज्यों में इस साल चुनाव होने वाले हैं। इस विकास को देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के टिकट का किराया हवाई यात्रा की तुलना में काफी कम होगा। मंत्री ने कहा कि वंदे भारत में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (थर्ड एसी) का किराया भोजन सहित लगभग 2,300 रुपये, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी (सेकंड एसी) का लगभग 3,000 रुपये और वातानुकूलित प्रथम श्रेणी (फर्स्ट एसी) का लगभग 3,600 रुपये होगा। ये किराये मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर तय किए गए हैं। वैष्णव ने बताया कि गुवाहाटी-कोलकाता हवाई यात्रा का किराया लगभग 6,000 से 8,000 रुपये है। रेल मंत्री ने पावरप्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से संवाददाताओं को जानकारी दी, जिसके अनुसार 16 डिब्बों वाली इस ट्रेन में 11 डिब्बे थर्ड एसी, चार डिब्बे सेकंड एसी और एक डिब्बा फर्स्ट एसी शामिल हैं। कुल 823 सीटों में से 611 थर्ड एसी में, 188 सेकंड एसी में और 24 फर्स्ट एसी में हैं। ट्रेन में उपलब्ध अन्य विशेषताओं में बेहतर कुशनिंग के साथ एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन किए गए बर्थ, सुगम आवागमन के लिए वेस्टिब्यूल वाले स्वचालित दरवाजे, बेहतर सस्पेंशन और शोर कम करके बेहतर यात्रा आराम, स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली (कवच), आपातकालीन टॉक-बैक प्रणाली और उच्च स्वच्छता मानकों को बनाए रखने के लिए कीटाणुनाशक तकनीक शामिल हैं। वैष्णव ने कहा कि यह कीटाणुनाशक तकनीक 99.9 प्रतिशत रोगाणुओं को नष्ट कर देगी। इसी तकनीक का उपयोग वंदे भारत चेयर-कार संस्करण में भी किया जा रहा है।

## नववर्ष के स्वागत के लिए श्रीसिद्धिविनायक देवस्थानम् में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन



**कोलकाता :** मुक्तारामबाबू स्ट्रीट स्थित श्रीसिद्धि विनायक देवस्थानम् में अंग्रेजी वर्ष 2025 की विदाई व नववर्ष 2026 की स्वागत के लिए श्रीसीताराम सत्संग समिति के सदस्यों व भक्तों के द्वारा सुन्दरकाण्ड का सामूहिक पाठ का आयोजन किया।इस पाठ में 500से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। संस्था के ट्रस्टी सुशील गोयनका ने बताया कि नववर्ष के उपलक्ष में मंदिर बुधवार को रात 12 बजे तक खुला था,गुरुवार को रात 9बजे तक खुला रहेगा साथ ही भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया है।इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने राजकुमार गोयनका,इन्दु गोयनका,सुभाष मुरारका,प्रदीप नैय्यर ,कमल सराफ सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नववर्ष पर एफओएओए की अनोखी पहल, बुजुर्गों संग युवाओं ने मनाया जश्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** आमतौर पर नववर्ष के अवसर पर युवा अपने दोस्तों के साथ जश्न मनाते हैं, लेकिन इस बार फोर्ट ओएसिस अपार्टमेंट में एक अलग और प्रेरणादायक तस्वीर देखने को मिली। यहां युवाओं ने नये साल का स्वागत बुजुर्गों के साथ, उनके आशीर्वाद और सहभागिता के साथ किया। यह कार्यक्रम फोर्ट ओएसिस अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एफओएओए) की ओर से आयोजित किया गया। न्यू ईयर ईव कार्यक्रम में तीन वर्ष के बच्चों से लेकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों तक सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फैशन शो, संगीत और नृत्य कार्यक्रमों में सभी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डीजे और स्वादिष्ट व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई थी। फैशन शो की कोरियोग्राफी सांगवी डांस एकेडमी ने प्रस्तुत की। एसोसिएशन की अध्यक्ष विजया भाटिया ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि सच्चा उत्सव वही है, जिसमें पीढ़ियों के बीच दूरी नहीं बल्कि आपसी सम्मान, सहभागिता और साथ की भावना हो।

## न्यूज ब्रीफ

### नए साल के जश्न के दौरान दारोगा ने पुलिसकर्मियों से की गाली गलौज, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ (उप्र):** लखनऊ के हजरतगंज इलाके में नए साल के जश्न के दौरान नशे में धुत होकर हंगामा करने के आरोप में बाराबंकी पुलिस लाइन में तैनात एक दारोगा के खिलाफ बृहस्पतिवार को मुकदमा दर्ज करके उसे हिरासत में ले लिया गया। सहायक पुलिस आयुक्त विकास कुमार जायसवाल ने यहां बताया कि बुधवार/बृहस्पतिवार की दरमियानी रात करीब साढ़े 12 बजे नए साल के जश्न के दौरान दारोगा अमित जायसवाल अपनी कर से हजरतगंज पहुंचा था। वहां मार्ग परिवर्तन और बैरिकेडिंग की वजह से यातायात कर्मियों ने उसे वैकल्पिक रास्ते से जाने को कहा तो उसने पुलिसकर्मियों से गाली-गलौज की और धमकी दी। उसके बाद उसने अपनी कार बैरिकेडिंग पर चढ़ा दी। उन्होंने बताया कि जायसवाल पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करता रहा। सूचना मिलने पर पुलिस उपायुक्त यातायात कमलेश दीक्षित भी मौके पर पहुंचे, दारोगा ने उनके साथ भी अभद्रता की। हालांकि जब उसे दीक्षित के वरिष्ठ अधिकारी होने के बारे में जानकारी मिली, तो वह शांत हुआ और उससे क्षमा मांगी।

### बिहार के बेगुसराय में मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी नक्सली ढेर

**पटना:** बिहार के बेगुसराय जिले में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में 50 हजार रुपये का इनामी नक्सली मारा गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मारे गए नक्सली की पहचान प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की उत्तर बिहार केंद्रीय जोनल कमेटी के सचिव दयानंद मलाकार के रूप में हुई है। उसने बताया कि नक्सली के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। बिहार पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की ओर से जारी बयान में कहा गया, '14 से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित मलाकार उर्फ छोटू बुधवार शाम बेगुसराय के तेघड़ा इलाके में एसटीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में मारा गया।'

### राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश, आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना

**जयपुर:** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण पिछले 24 घंटों में राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के अनुसार, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, जयपुर और भरतपुर संभागों में बारिश हुई, जिसमें बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ में सबसे अधिक 26 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कहा कि अगले दो-तीन दिनों के दौरान राज्य के बड़े हिस्से में घना और कहीं पर बहुत घना कोहरा छा सकता है जिससे कुछ स्थानों पर दृश्यता 100 मीटर से नीचे गिर सकती है।

### पटना क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने 2025 में 4.2 लाख पासपोर्ट जारी किए

**पटना:** पटना क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने 2025 में कुल 4.2 लाख पासपोर्ट जारी किए। यह जानकारी बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में दी गई। बयान के अनुसार, 2025 में इस क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को 2024 की तुलना में 46,531 अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इस क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने 2024 में कुल 4,05,721 पासपोर्ट आवेदन स्वीकार किए थे। बयान में कहा गया, 2025 में पटना क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को कुल 4,52,252 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 4,20,210 व्यक्तियों को पासपोर्ट जारी किए गए। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय अपनी पासपोर्ट प्रसंस्करण क्षमता लगातार बढ़ा रहा है। फिलहाल पटना क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के अंतर्गत बिहार के कुल 40 लोकसभा क्षेत्रों में से 37 में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) और दो लोकसभा क्षेत्रों में पासपोर्ट सेवा केंद्र चल रहे हैं, जिनके माध्यम से बिहार के आवेदकों के पासपोर्ट आवेदन स्वीकार किए जाते हैं।

# प्रयागराज से काशी, अयोध्या, मथुरा: आस्था कॉरिडोरों ने 2025 में बदला यूपी का पर्यटन परिदृश्य



नव वर्ष पर राम मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**लखनऊ:** महाकुंभ 2025 ने प्रयागराज को वैश्विक धार्मिक-आध्यात्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया। देश के कोने-कोने से आए करोड़ों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के साथ-साथ काशी (वाराणसी), अयोध्या और मथुरा जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा कर उत्तर प्रदेश के पर्यटन परिदृश्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।महाकुंभ से पहले ही प्रयागराज धार्मिक पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका था और आयोजन के बाद भी श्रद्धालुओं की आवाजाही निरंतर बनी रही। हालांकि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ से कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित हुआ, जिसमें मृतकों की संख्या बढ़कर 37 हो गई, लेकिन आस्था का प्रवाह जल्द ही सामान्य हो गया और इसके बाद धार्मिक पर्यटन का सबसे तेज दौर देखने को मिला।वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश में धार्मिक स्थलों के उन्नयन और विरासत संरक्षण को विशेष प्राथमिकता दी गई। मंदिरों के जीर्णोद्धार और बुनियादी सुविधाओं के विकास से श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई। 2019 में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की शुरुआत हुई और 2024 में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह ने इसकी वैश्विक पहचान और मजबूत की।दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्घाटित काशी विश्वनाथ कॉरिडोर ने मंदिर को गंगा घाटों से जोड़कर वाराणसी को अंतरराष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित किया। वहीं, मथुरा-वृंदावन ने भी श्रद्धालुओं को आकर्षित कर इस आस्था सर्किट को और विस्तार दिया।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 के बीच महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वर्ष 2024 में प्रदेश में 64.91 करोड़ पर्यटक आए, जबकि 2025 में मात्र छह महीनों में यह संख्या 121.81 करोड़ के पार पहुंच गई। इनमें विदेशी पर्यटकों की संख्या भी लगातार बढ़ी है। अयोध्या का दीपोत्सव, वाराणसी की देव दीप-ावली और मथुरा की बरसाने की होली जैसे आयोजनों ने पर्यटन को नई ऊर्जा दी। साथ ही बौद्ध सर्किट-सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती और कपिलवस्तु-भी वैश्विक आकर्षण का केंद्र बना। सरकार के अनुसार, इन प्रयासों से उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक भ्रमण किया जाने वाला राज्य बनकर उभरा है।



प्रयागराज: संगम में माघ मेला 2026 की भव्य तैयारियों के तहत बनी टेंट सिटी का ऊपर से लिया गया दृश्य।



वाराणसी: उत्तर प्रदेश के वाराणसी ज़िले में नमो घाट पर नए साल 2026 के आगमन का जश्न मनाते पर्यटक

## बिहार: राज्य में फिल्म शूटिंग से जुड़ी सभी जानकारी अब एक क्लिक पर होगी उपलब्ध

**पटना:** बिहार में फिल्म शूटिंग करने वालों को अब लोकेशन, स्थल और अन्य सभी आवश्यक जानकारियां एक क्लिक पर उपलब्ध होंगी। 'बिहार स्टेट फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन' (बीएसएफडीसी) की आधिकारिक वेबसाइट का उद्घाटन मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बृहस्पतिवार को मुख्य सचिवालय स्थित सभागार में किया। इस वेबसाइट के माध्यम से राज्य के कलाकारों, निजी निवेशकों, कॉस्ट्यूम, शूटिंग लोकेशन समेत फिल्म निर्माण से जुड़ी तमाम जानकारियां ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्य सचिव ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार के कार्यों का डिजिटाइजेशन तेजी से किया जा रहा है और वर्ष 2026 में इस दिशा में और अधिक ध्यान केंद्रिय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निवेशकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की अवधारणा को व्यवहार में उतारा जा रहा है। कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएसएफडीसी की वेबसाइट की विशेषताओं पर प्रकाश डाला और कहा कि इसके माध्यम से राज्य में मौजूद सभी महत्वपूर्ण शूटिंग स्थलों को अत्यंत प्रभावी और आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर राज्य के कलाकारों का विस्तृत विवरण भी उपलब्ध है।

### नीतीश कुमार ने नालंदा में पैतृक गांव का दौरा किया

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को नालंदा जिले में अपने पैतृक गांव का दौरा किया और अपनी माता परमेश्वरी देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि मुख्यमंत्री अपने पुत्र निशांत कुमार और राज्य के मंत्री शरवन कुमार के साथ हरनौत प्रखंड के कल्याण बिगहा स्थित स्मृति उपवन पहुंचे। वहां उन्होंने अपनी माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने पिता राम लखन सिंह और अपनी पत्नी मंजू सिन्हा की प्रतिमाओं पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के भगवती मंदिर में पूजा-अर्चना की और स्थानीय लोगों से बातचीत की।

## बिहार: शहद उत्पादन से जीविका दीदियां बन रहीं आत्मनिर्भर, हर साल हो रहा करोड़ों का कारोबार

**पटना:** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में हजारों 'जीविका' दीदियां मधुमक्खी पालन के जरिए आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यवसाय से वे न केवल लाखों रुपये की आमदनी कर रही हैं बल्कि राज्य में तैयार शहद के स्वाद को देश-विदेश तक पहुंचा रही हैं। ग्रामीण विकास मंत्री ने विभागीय कक्ष में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वर्ष 2009 में मुजफ्फरपुर जिले में प्रायोगिक परीक्षण के रूप में 'जीविका' दीदियों द्वारा शुरू किया गया मधुमक्खी पालन आज राज्य के 20 जिलों तक फैल चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 90 प्रखंडों में 11,855 महिलाएं मधुमक्खी पालन से जुड़ी हैं और हर वर्ष 10 से 12 करोड़ रुपये तक के



शहद का उत्पादन कर रही हैं। कुमार ने कहा कि इससे प्रति महिला को औसतन प्रति माह करीब 10 हजार रुपये तक की आमदनी घर बैठे हो रही है। मंत्री ने कहा कि राज्य में 'जीविका' दीदियों के हाथों शहद उत्पादन का कार्य तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं द्वारा उत्पादित शहद को हिमाचल प्रदेश की एक कंपनी में प्रोसेसिंग और पैकेजिंग के लिए भेजा जाता है, जिसके बाद यह शहद देश के अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेशों में भी निर्यात किया जा रहा है।

## पुलिस ने 2025 में साइबर ठगी के मामलों में 325 करोड़ रुपये के लेन-देन पर रोक लगाई

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश पुलिस ने साल 2025 में साइबर ठगी के मामलों में ऐंठे गये 325.25 करोड़ रुपये के लेन-देन पर रोक लगा दी और पीड़ितों को लौटा दिये। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह धनराशि ठगी गयी रकम का लगभग एक-चौथाई है। राज्य पुलिस द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, मार्च 2017 से दिसंबर 2025 के बीच राज्य में साइबर अपराध के कुल 87,850 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 75,272 मामलों में जांच पूरी हुई और 53,639 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। आंकड़ों में सामने आया कि इस अवधि में साइबर अपराध के माध्यम से ठगे गए 382.25 करोड़ रुपये बरामद किए गये। आंकड़ों के मुताबिक, नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग (एनसीआर) पोर्टल और 1930 हेल्पलाइन पर समय रहते दर्ज की गई शिकायतों के माध्यम से ठगी गयी धनराशि के लेन-देन पर रोक लगा दी गयी, जिससे वसूली दर पिछले साल के 11 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 24 फीसदी हो गई। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के वर्ष 2023 के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में साइबर अपराध के मामलों में 87.8 प्रतिशत की दोषसिद्धि दर दर्ज की गई, जो राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुनी है।

### 2.88 करोड़ से ज्यादा एसआईआर फॉर्म इकट्ठा नहीं हो पाए, प्रवासन-मौतें मुख्य कारण

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान 27 दिसंबर तक 2.88 करोड़ चुनावी फॉर्म इकट्ठा नहीं हो पाए। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि इसके पीछे मुख्य कारण प्रवास या स्थानांतरण, मतदाता की मौत और दोहरा नामांकन सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि मतदाताओं का स्थायी रूप से स्थानांतरण होना सबसे बड़ा कारण था, जिसके 1,29,77,472 मामले थे। अधिकारियों ने बताया कि यह बड़े पैमाने पर अंतर-जिला और अंतर-राज्य प्रवासन को दर्शाता है, खासकर शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों से। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं का पता नहीं चल पाया या, वे दूसरी सबसे बड़ा वर्ग थे, जिनके 79,52,190 मामले थे और इसका मुख्य कारण अस्थायी प्रवासन, निवास में बार-बार बदलाव और गलत पते के रिकॉर्ड थे। अधिकारियों ने बताया कि पंजीकृत मतदाताओं की मौत के कारण 46,23,796 फॉर्म इकट्ठा नहीं हो पाए। उन्होंने बताया कि अन्य 25,47,207 मतदाताओं पहले से ही कहीं अन्य पंजीकृत पाए गए, जो आंकड़ो में दोहरे नामांकन को दिखाता है जबकि 7,74,472 फॉर्म 'अन्य कारणों' के तहत आए, जिनमें गलत या अधूरी जानकारी शामिल है।

## बिहार: वर्ष 2025 की उपलब्धियों की मजबूत नींव पर 2026 में खेल क्षेत्र का होगा विस्तार

**पटना:** बिहार सरकार के खेल विभाग ने बृहस्पतिवार को वर्ष 2026 की कार्ययोजनाओं का विस्तृत लेखा-जोखा जारी किया। विभाग ने बताया कि वर्ष 2025 की उपलब्धियों व सशक्त नेतृत्व की मजबूत नींव पर खेल विभाग 2026 में नई ऊर्जा और दूरदर्शी योजनाओं के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। विभाग के अनुसार, वर्ष 2025 के दौरान बिहार ने 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स', 'हीरो एशिया कप' (पुरुष हॉकी), 'एशियाई रग्बी सेवेंस अंडर-20' तथा 'ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज एथलेटिक्स चैंपियनशिप' जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन कर यह प्रमाणित किया कि राज्य बड़े खेल आयोजनों के लिए पूरी तरह सक्षम है। विभाग ने बताया कि इस वर्ष राजगीर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की शुरुआत और 257 प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियमों का निर्माण पूर्ण होने से बिहार की खेल अवसंरचना को नया आयाम मिला। विभाग के मुताबिक, बिहार के युवा खिलाड़ियों ने हाई जंप, सेपक टकरा, साइकलिंग, फेंसिंग, शतरंज, तैराकी, तीरंदाजी और पैरा-एथलेटिक्स में विश्व व एशिया स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन किया।

# बिहार : नववर्ष के अवसर पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**पटना:** नववर्ष के अवसर पर बृहस्पतिवार को बिहार भर के मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे और आशीर्वाद लिया। ठंड के बावजूद राजधानी पटना के प्रसिद्ध महावीर मंदिर में तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। महावीर मंदिर के एक पुजारी ने बताया, श्रद्धालु सुबह-सुबह मंदिर के पट खुलने से पहले ही कतार में लग गए थे। उन्होंने कहा कि मंदिर में समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं और श्रद्धालु शांतिपूर्वक पूजा-अर्चना कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने भी सुबह मंदिर पहुंचकर पूजा की। उधर, पटना से करीब 50 किलोमीटर दूर भोजपुर जिले के आरा नगर स्थित ऐतिहासिक अरण्य देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में आमद देखी गई। एक श्रद्धालु ने कहा, त्रेता और द्वापर युग



बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

से जुड़ी ऐतिहासिक और आध्यात्मिक मान्यताओं के कारण हमारी इस मंदिर से गहरी आस्था जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि भगवान राम से लेकर महाभारत के पांडवों तक के यहां पूजा करने की मान्यता है और यहां लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मंदिर के पुजारी ने संवाददाताओं को बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर के पट सुबह चार बजे ही खोल दिए गए थे।

समीक्षा स्पोर्ट्स

## विश्व कप 2027 के बाद वनडे क्रिकेट के भविष्य को लेकर चिंतित हूं: अश्विन

**चेन्नई:** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 2027 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट के भविष्य को लेकर संशय जताते हुए कहा कि तेजी से बढ़ती टी20 लीग और आईसीसी द्वारा हर साल किसी बडे टूर्नामेंट को बढ़ावा देने के कारण अत्यधिक क्रिकेट की वजह से यह प्रारूप अपनी जगह खो चुका है। अश्विन का मानना है कि टी20 लीग और टेस्ट क्रिकेट की अपनी प्रतिष्ठा बरकरार रखने के चलते वनडे क्रिकेट लगभग गैर जरूरी सा हो गया है। अश्विन ने अपने हिंदी यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' में कहा, '2027 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट का भविष्य क्या होगा, इसको लेकर मैं निश्चित नहीं हूं। मैं इसे लेकर थोड़ा चिंतित हूं। मैं विजय हजारे ट्रॉफी देख रहा हूं, लेकिन जिस तरह मैंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी देखी, उसी तरह इसे देख पाना थोड़ा मुश्किल लग रहा



है।' उन्होंने कहा, 'हमें यह भी समझना होगा कि दर्शक क्या देखना चाहते हैं। मुझे लगता है टेस्ट क्रिकेट के लिए अब भी जगह है, लेकिन वनडे क्रिकेट के लिए सच में जगह नहीं बची है।' सभी प्रारुपों में 765 विकेट लेने वाले भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज अश्विन का कहना है कि किसी खेल को दर्शकों से जोड़ने के लिए स्टार खिलाड़ियों की जरूरत होती है और इसके लिए उन्होंने हाल में रोहित शर्मा और विराट कोहली के विजय हजारे ट्रॉफी मैच में खेलने से उमड़ी दर्शकों की भीड़ का उदाहरण दिया। इन दोनों खिलाड़ियों के नाम मिलाकर 86 वनडे शतक हैं। उन्होंने कहा, 'देखिए, रोहित और विराट जब विजय हजारे ट्रॉफी खेलने आए तो लोगों ने इसे देखना शुरू किया। हमें पता है कि खेल हमेशा खिलाड़ियों से बड़ा होता है, लेकिन कई बार खेल को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए इन खिलाड़ियों (रोहित और विराट) की वापसी की जरूरत होती है।' अश्विन ने कहा, 'विजय हजारे ट्रॉफी एक घरेलू वनडे टूर्नामेंट है जिसे ज्यादा लोग नहीं देखते। लेकिन विराट और रोहित के खेलने की वजह से लोग इसे देखने पहुंचे। फिर सवाल यह है कि जब वे वनडे खेलना बंद कर देंगे, तब क्या होगा?' इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि एक समय 50 ओवरों का क्रिकेट एक शानदार प्रारूप हुआ करता था जिससे महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ी सामने आए जो पारी को संभालना जानते थे।

### एमबाप्पे चोटिल, तीन सप्ताह तक खेलना संदिग्ध

**पेरिस:** स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे के बाएं घुटने में चोट लगी है और उनका तीन सप्ताह तक खेलना संदिग्ध है। रियाल मैड्रिड ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि फ्रांस के सुपरस्टार के पांव में मोच आई है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया है कि वह कब तक पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। फ्रांस के खेल समाचार पत्र एलइक्विप ने किसी सूत्र का हवाला दिए बिना कहा कि एमबाप्पे कम से कम तीन सप्ताह तक अनुपलब्ध रहेंगे। एलइक्विप के अनुसार एमबाप्पे पिछले कुछ सप्ताह से अपने घुटने के पिछले हिस्से में लिगामेंट की समस्या से जूझ रहे थे और बुधवार सुबह किए गए एमआरआई में घाव का पता चला जिसके लिए उपचार और आराम की आवश्यकता है। यह स्ट्राइकर शानदार फॉर्म में हैं। इस महीने की शुरुआत में एमबाप्पे ने 2025 में रियाल मैड्रिड के लिए अपना 59वां गोल किया, जिससे उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के क्लब की तरफ से एक साल में सर्वाधिक गोल करने की रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

## न्यूजीलैंड वनडे श्रृंखला : क्या गिल को खेलने का मौका दिये बिना बाहर करेंगे चयनकर्ता ?

**नयी दिल्ली:** ऋषभ पंत विजय हजारे ट्रॉफी के चार मैचों में भले ही एक अर्धशतक जमा सके हों लेकिन पिछले 18 महीने में एक भी वनडे खेलने का मौका दिये बिना अगर उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला से बाहर किया गया तो अजित अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति की यह ज्यादती होगी। भारतीय चयनकर्ता न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 जनवरी से वडोदरा में शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये टीम की घोषणा करेंगे और इसे लेकर काफी अटकलें हें कि पंत टीम में रहेंगे या नहीं। यह किसी से छिपा नहीं है कि भारतीय टीम प्रबंधन में कम से कम एक सदस्य को तो पंत का 'अधिक जोखम से अधिक फायदा' वाला रवैया पसंद नहीं है और वह चाहते हैं कि बल्लेबाजी में पंत पारंपरिक रवैया अपनाये। लेकिन दूसरा मौका दिये बिना पंत को बाहर करने से कई सवाल खड़े होंगे। पंत ने 2025 में एक भी वनडे नहीं खेला हालांकि वह चैम्पियंस ट्रॉफी टीम और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले महीने वनडे टीम का हिस्सा थे। सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर आजमाया गया और तीनों मैचों में पंत बाहर रहे। पंत ने 2018 में पदार्पण के बाद से सिर्फ 31 वनडे खेले हैं। उन्होंने 30 जून 2019 से 14 जनवरी 2020 के बीच में 11 वनडे खेले। फिर



कोविड के बाद उन्होंने 26 मार्च 2021 से 30 नवंबर 2022 तक 15 वनडे खेले और एक शतक, दो बार 75 से अधिक रन और एक 85 रन की पारी खेली। इसके बाद वह भयावह कार दुर्घटना का शिकार हो गए। फिर 2024 में वापसी के बाद से उन्होंने कोलंबो में एकमात्र वनडे खेला। विजय हजारे ट्रॉफी के चार मैचों में वह एक ही में 70 रन बना सके। वहीं ईशान किशन ने झारखंड के लिये कर्नाटक के खिलाफ पहले ही मैच में 14 छक्के लगाये। ध्रुव जुरेल ने भी उत्तर प्रदेश के लिये शतक जमाया और वह पिछली वनडे श्रृंखला में भारतीय टीम में थे। पंद्रह सदस्यीय टीम में तीन विकेटकीपर तो नहीं हो सकते और बल्लेबाज विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद केएल राहुल ही हैं। अब देखना यह होगा कि क्या पंत या जुरेल की जगह ईशान टीम में आते हैं। देवदत्त पडिक्कल के नाम पर भी विचार होगा जिन्होंने 37 मैचों में 92 से अधिक की औसत से रन बनाये हैं।

## राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम आंशिक रूप से लागू

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम गुरुवार को आंशिक रूप से लागू हो गया है, जिससे एक सर्व शक्तिशाली राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) और खेल विवादों को सुलझाने के लिए एक पंचाट बनाने का रास्ता साफ हो गया है। इस अधिनियम को पिछले साल 18 अगस्त को अधिसूचित किया गया था और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे देश का सबसे बड़ा खेल सुधार बताया है। जिन प्रावधानों को लागू किया जा रहा है, वे राष्ट्रीय खेल निकायों की स्थापना और शासन ढांचे से संबंधित हैं, जिनमें राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति, राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) और क्षेत्रीय खेल संघ शामिल हैं। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, 'उक्त अधिनियम की धारा 1 से 3, धारा 4 की उप-धारा (1), (2) और (4), धारा 5 के उप-धारा (1) और (2), धारा 8 के उप-धारा (5), धारा 11 के उप-धारा (1), धारा 14 और 15, धारा 17 की उप-धारा (1) से (7) और (10), धारा 30 और 31, और धारा 33 से 38 के प्रावधान लागू होंगे।'' अधिनियम के प्रावधानों के तहत चुनाव होने के बाद सभी निकायों के लिए 15 से अधिक सदस्यों वाली कार्यकारी समितियां बनाना अनिवार्य होगा, जिनमें कम से कम दो खिलाड़ी (एसओएम) शामिल होंगे। अधिनियम के आंशिक रूप से लागू होने के साथ ही राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) और राष्ट्रीय खेल पंचाट (एनएसटी) के गठन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। एनएसबी में एक अध्यक्ष और ऐसे सदस्य होंगे जिनकी नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा 'योग्यता, ईमानदारी और प्रतिष्ठा वाले व्यक्तियों' में से की जाएगी और जिनके पास लोक प्रशासन, खेल प्रशासन, खेल कानून और अन्य संबंधित क्षेत्रों में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव हो।'' मंत्रालय ने कहा, ''इस अधिनियम को चरणबद्ध तरीके से लागू करने का उद्देश्य वैधानिक खेल प्रशासन ढांचे में सुचारू बदलाव सुनिश्चित करना है।'' मंत्रालय ने उन राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को, जिनके आगामी कुछ महीनो में चुनाव होने वाले हैं, अधिनियम के पूर्ण तरह से लागू करने के लिए प्रक्रिया को दिसंबर तक स्थगित करने की अनुमति पहले ही दे दी है। इसका मतलब है कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के चुनाव साल के काफी अंत में होंगे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मुंबई हवाई अड्डे पर 3.89 करोड़ रुपये का सोना जब्त, यात्री गिरफ्तार

**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदशालय (डीआरआई) ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 3.89 करोड़ रुपये मूल्य का सोना जब्त कर एक तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट सूचना के आधार पर डीआरआई के अधिकारियों ने बुधवार को बहरीन से आए एक यात्री को रोका। उन्होंने बताया कि यात्री के सामान की तलाशी लेने पर 12 कैप्सूल बरामद किए गए जिनमें सोने का चूरा भर था और उनका वजन 3.05 किलोग्राम था।

### जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक हिरासत में

**जम्मू :** पुलिस एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक से पूछताछ कर रही है, जिसे यहां अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए पाया गया था। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, शरीफुल इस्लाम (19) को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने जम्मू शहर के बाहरी इलाके गजनसू क्षेत्र से पकड़ा है।

### प्रधानमंत्री मोदी 11 जनवरी को 'वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन' का उद्घाटन करेंगे

**राजकोट :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 जनवरी को राजकोट शहर में वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन (वीजीआरसी) का उद्घाटन करेंगे। एक मंत्री ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राज्य के कृषि मंत्री एवं सरकार के प्रवक्ता जीतू वाघाणी ने बताया कि कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्र पर केंद्रित यह दो दिवसीय सम्मेलन 11 और 12 जनवरी को राजकोट स्थित मारवाड़ी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य क्षेत्र में उभरते आर्थिक, औद्योगिक और सांस्कृतिक अवसरों को प्रदर्शित करना और उन पर प्रकाश डालना है।

### मुंबई में नए साल की शुरुआत बारिश के साथ हुई

**मुंबई :** मुंबई के लोगों के लिए नए साल की शुरुआत बारिश के साथ हुई, क्योंकि देश की आर्थिक राजधानी के कई हिस्सों में बृहस्पतिवार की सुबह हल्की से भारी बारिश हुई। साल की पहली सुबह का सूरज की किरणों से स्वागत होने के बजाय मुंबई के कई इलाकों में बारिश देखने को मिली। बारिश सुबह पांच बजे से पहले शुरू हुई, कुछ इलाकों में बारिश तेज रही जबकि कई जगहों पर हल्की फुहारें पड़ीं। सुबह छह बजकर 15 मिनट के बाद इसकी तीव्रता धीरे-धीरे कम हो गई। मौसम के अचानक बदले मिजाज पर सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया देखने को मिली। राहुल बिल्वे नामक एक उपयोगकर्ता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''किसने सोचा था कि 2026 के पहले ही दिन बारिश होगी।'' एक अन्य उपयोगकर्ता मफी कपाड़िया ने लिखा, ''2026 का स्वागत बेमौसम बारिश के साथ। फिर भी मौसम बेहद सुहावना है।''

### संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे अपराधी के विरुद्ध धनशोधन जांच में और 10 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

नयी दिल्ली : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भाग गये अपराधी इंदरजीत सिंह यादव के खिलाफ धनशोधन जांच के सिलसिले में बृहस्पतिवार को नये सिरे से तलाशी अभियान के तहत दिल्ली के एक फार्महाउस से 1.22 करोड़ रुपये नकद एवं 8.50 करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी ने बुधवार को दक्षिण दिल्ली के सर्वप्रिया विहार में अमन कुमार नामक व्यक्ति के परिसर की तलाशी के दौरान 5.12 करोड़ रुपये नकद, 8.80 करोड़ रुपये के सोने और हीरे के आभूषणों से भरा एक सूटकेस तथा 35 करोड़ रुपये की संपत्ति से जुड़े दस्तावेज बरामद किए थे। अधिकारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार को सुनील गुप्ता नामक व्यक्ति के फार्महाउस से 1.22 करोड़ रुपये की नकदी एवं 8.50 करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए गए। अधिकारियों ने बताया कि गुप्ता ने अतीत में यादव के कथित सहयोगी कुमार को ऋण दिया था।



नगांव (असम): नए साल 2026 के अवसर पर महा मृत्युंजय मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।



हैदराबाद: नए साल 2026 के पहले दिन धार्मिक शुरुआत के रूप में बिरला मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए उमड़े लोग।

## प्रधानमंत्री के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के लिए तीन करोड़ से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए




**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के नौवें संस्करण में भाग लेने के लिए अब तक तीन करोड़ से अधिक पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रतिभागियों के चयन के लिए एक दिसंबर से 11 जनवरी तक 'माई गवर्नमेंट' पोर्टल पर बहुविकल्पीय प्रश्नों वाली एक ऑनलाइन प्रतियोगिता चल रही है। छठी से 12 वीं कक्षा तक के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक इस प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र हैं। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''प्रधानमंत्री का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम इस माह के आखिर में होने वाला है और उसके लिए तीन करोड़ से अधिक पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं।'' 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का आठवां संस्करण पिछले साल 10 फरवरी को प्रसारित हुआ था। यह अंतर्संवाद राष्ट्रीय राजधानी के सुंदर नर्सरी में एक नए प्रारूप में आयोजित किया गया था। इसमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 36 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जो सरकारी विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, सैनिक विद्यालयों, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों और सीबीएसई स्कूलों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इस संस्करण में खेल, अनुशासन, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, प्रौद्योगिकी, वित्त, रचनात्मकता और सकारात्मकता जैसे विषयों पर सात अलग-अलग एपिसोड भी शामिल थे, जिनमें प्रसिद्ध हस्तियों से प्रेरणादायक अंतर्दृष्टि प्रदान की गई थी।

## देश के अन्य हिस्सों के लोगों को पूर्वोत्तर के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिएः हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के अन्य हिस्सों के लोगों को पूर्वोत्तर भारत के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए ताकि देहरादून में त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की हत्या जैसी घटनाओं को रोका जा सके। शर्मा ने यहां मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि दोषियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए और उन्हें कड़ी सजा दी जानी चाहिए ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। उन्होंने कहा कि अगर आरोपियों को कड़ी सजा दी जाती है तो इससे पूरे देश को एक कड़ा संदेश मिलेगा और उम्मीद है कि ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होंगी। शर्मा ने कहा कि पूर्वोत्तर के लोगों को अपनी भारतीयता पर गर्व है और देश के बाकी हिस्सों के लोगों को इस क्षेत्र और यहां के लोगों के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों और भारत के बाकी हिस्सों के लोगों के बीच अधिक संवाद होना चाहिए। शर्मा ने कहा कि युवा छात्र की मौत 'वास्तव में दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण' है। उन्होंने कहा, हम इस घटना की निंदा करते हैं और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है और हम आशा करते हैं कि ऐसा दोबारा नहीं हो।

## नव वर्ष के दिन हजारों श्रद्धालु पुरी जगन्नाथ मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे



**पुरी :** नव वर्ष के अवसर पर बृहस्पतिवार को हजारों श्रद्धालु तीर्थ नगरी पुरी में उमड़ पड़े और 12वीं शताब्दी के मंदिर में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए लंबी कतार में खड़े रहे । प्रशासन द्वारा घोषित समय के अनुसार मंदिर के द्वार देर रात 1:55 बजे श्रद्धालुओं के लिये खोल दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालुओं का मानना है कि वर्ष के पहले दिन भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने से उन्हें सफलता मिलती है। मंदिर के सामने कतारों में बुजुर्गों की संख्या अपेक्षाकृत कम दिखाई दी। अधिकारियों के अनुसार, इस अवसर पर मंदिर में प्रार्थना करना युवाओं के बीच एक विशेष चलन बन गया है। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्रों को सीसीटीवी निगरानी में रखने के साथ-साथ भीड़ नियंत्रण के लिए मंदिर के अंदर और बाहर 2,100 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। श्रद्धालु कतारबद्ध तरीके से मंदिर में प्रवेश कर रहे थे और बाद में उन्हें 'बहारा कथा' (बाहरी मार्ग) से दर्शन की अनुमति दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, श्रद्धालुओं की हर गतिविधि पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जा रही है और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए विशेष टीम तैयार है। पुरी के पुलिस अधीक्षक प्रतीक सिंह ने कहा, श्रद्धालुओं के सुचारू दर्शन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि जो श्रद्धालु कल रात से कतार में खड़े हैं, उन्हें बिना किसी बाधा के दर्शन प्राप्त हो सकें। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शेडों में सीसीटीवी कैमरे और सार्वजनिक संबोधन प्रणाली भी स्थापित की गई है।

## वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आशीष कुंद्रा ने लद्दाख के मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार संभाला




**लेह/जम्मू :** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी आशीष कुंद्रा ने बृहस्पतिवार को लद्दाख के मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार संभाला और केंद्र शासित प्रदेश में प्रभावी शासन, पारदर्शी प्रशासन और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के 1996 बैच के आईएएस अधिकारी कुंद्रा ने बुधवार को सेवानिवृत्त हुए पवन कोटवाल का स्थान लिया। पदभार ग्रहण करने पर कुंद्रा ने प्रभावी शासन, पारदर्शी प्रशासन और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया, साथ ही संस्थागत तंत्र को मजबूत करने, सेवा वितरण में सुधार करने और विकासात्मक कार्यक्रमों के समय पर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कुंद्रा ने कहा कि लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना प्रशासन की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक रहेगा।

## दूषित पेयजल संकट : विजयवर्गीय ने मीडिया के सामने आपत्तिजनक शब्द इस्तेमाल किया, बाद में खेद जताया



**इंदौर :** मध्यप्रदेश के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में दूषित पेयजल संकट के बारे में एक टीवी पत्रकार द्वारा सवाल पूछे जाने पर कैमरे के सामने एक आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल करके राजनीतिक विवाद छेड़ दिया है। यह घटना बुधवार देर रात उस समय हुई जब राज्य के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री विजयवर्गीय इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में फैले डायरिया के प्रकोप के संबंध में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। डायरिया मामले में आधिकारिक तौर पर मृतकों की संख्या चार बताई गई है और 212 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है, लेकिन प्रभावित क्षेत्र के निवासियों का दावा है कि अब तक 10 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। एनडीटीवी के पत्रकार अनुराग द्वारी ने प्रभावित इलाके से लौट रहे मंत्री से पूछा कि निजी अस्पतालों को चुकाये गये बिल का भुगतान निवासियों को क्यों नहीं किया गया और इस इलाके के नागरिकों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था क्यों नहीं की गई है? अपने समर्थकों और अधिकारियों से घिरे मंत्री ने पत्रकार पर नाराजगी दिखाते हुए कहा, ''छोड़ो यार, तुम 'फोकट' प्रश्न मत पूछो।'' जब पत्रकार ने इस सवाल का जवाब देने के लिए दबाव बनाया तो पत्रकार और विजयवर्गीय के बीच बहस हो गई जिसके बाद मंत्री ने आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया। इस वाकये का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया। वीडियो में मंत्री को पत्रकार के सवाल को खारिज करने के लिए ''घंटा'' शब्द का इस्तेमाल करते हुए सुना जा सकता है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद विजयवर्गीय ने बयान जारी करके खेद जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा, ''मैं और मेरी टीम पिछले दो दिन से बिना सोए प्रभावित क्षेत्र में लगातार स्थिति सुधारने में जुटी हुई है।''

### प्रधानमंत्री बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरहवा अवशेषों की अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इन अवशेषों की खोज 1898 में हुई थी और प्रारंभिक बौद्ध धर्म के पुरातात्विक अध्ययन में इनका अहम स्थान है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि ये अवशेष भगवान बुद्ध से सीधे तौर पर जुड़े सबसे प्राचीन और ऐतिहासिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण संग्रहों में से हैं। इसमें कहा गया है कि पुरातात्विक साक्ष्य पिपरहवा स्थल को प्राचीन कपिलवस्तु से जोड़ते हैं, जिसे व्यापक रूप से उस स्थान के रूप में पहचाना जाता है जहां भगवान बुद्ध ने संन्यास लेने से पहले अपना प्रारंभिक जीवन व्यतीत किया था।

## गोवा के समुद्र तटों पर नए साल का जश्न, उत्तरी तटीय इलाकों में भारी यातायात जाम



**पणजी :** नववर्ष का जश्न मनाने के लिए बुधवार रात गोवा के समुद्र तटों पर खुशनुमा माहौल देखने को मिला। आतिशबाजी, संगीत और पार्टियों के बीच हजारों की संख्या में लोग समुद्र तटों पर उमड़ पड़े, जबकि उत्तरी गोवा के प्रमुख तटीय इलाकों में भारी यातायात जाम की स्थिति बनी रही। अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने यह जानकारी दी। कलंगुट, सिंक्वेरीम, बागा, वागातोर, अरम्बोल और केरीम समेत लोकप्रिय समुद्र तटों पर बड़ी संख्या में लोग जुटे, जहां समुद्र किनारे बने 'शैक', 'नाइटस्पॉट' और खुले स्थलों पर देर रात तक जश्न जारी रहा। आधी रात होते ही तटीय इलाकों के ऊपर आसमान रंग-बिरंगी आतिशबाजी से जगमगा उठा। लोग तालियां बजाते, एक-दूसरे को गले लगाते और शुभकामनाएं देते हुए संगीत और समुद्र की लहरों की आवाज के बीच नए साल का स्वागत करते नजर आए। पुलिस के अनुसार, प्रमुख समुद्र तटीय इलाकों की ओर वाहनों की आवाजाही कई घंटों तक धीमी बनी रही। उत्सव स्थलों की ओर जाने वाले और आधी रात के बाद लौटने वाले पर्यटकों के वाहनों और दोपहिया वाहनों से सड़कें खचाखच भरी रहीं। स्थानीय प्रशासन ने आयोजन स्थलों पर भीड़ और यातायात प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राज्य के लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि आने वाला साल सभी गोवावासियों के लिए शांति, समृद्धि, अच्छा स्वास्थ्य और खुशहाली लेकर आए।

## एयर मार्शल नागेश कपूर ने वायु सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला



**नयी दिल्ली :** एयर मार्शल नागेश कपूर ने बृहस्पतिवार को भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। इस नियुक्ति से पहले, उन्होंने दक्षिण पश्चिमी वायु कमान (एसडब्ल्यूएसी) के वायु अधिकारी कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था। वह एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी का स्थान लेंगे, जो चार दशकों तक राष्ट्र की सेवा करने के बाद बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' एयर मार्शल नागेश कपूर ने एक जनवरी 2026 को भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख का पदभार ग्रहण किया। दिसंबर 1986 में भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग ब्रांच में कमीशन प्राप्त करने वाले एयर मार्शल कपूर के पास भारतीय वायु सेना के विभिन्न लड़ाकू और प्रशिक्षण विमानों को उड़ाने का व्यापक अनुभव है।'' एयर मार्शल कपूर ने वायु भवन में वायु सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने सलामी गारद का निरीक्षण किया।

## पाकिस्तान से गतिविधियां चला रहे आतंकियों के आका की संपत्ति कुर्क

**पुंछ/जम्मू :** पुलिस ने पुंछ जिले के मेंढर इलाके में प्रतिबंधित संगठनों के एक आतंकी संचालक और लॉन्च कमांडर की अचल संपत्ति कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत की गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें नक्का मझरी क्षेत्र के नार गांव में स्थित चार मरला और दो सरसाई कृषि भूमि शामिल है। यह जमीन इलाके के निवासी रफीक नाई उर्फ सुल्तान की है। वह वर्तमान में पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां चला रहा है। अधिकारियों के अनुसार, नाई प्रतिबंधित तहरीक-उल-मुजाहिदीन और जम्मू कश्मीर गजनवी फोर्स के हैंडलर और लॉन्च कमांडर के रूप में कार्य करता है। उसे आतंकवादी घोषित किया गया है और नौ आपराधिक मामलों के सिलसिले में उसकी तलाश है। मेंढर पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कुर्की की कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई थीं और कार्रवाई से पहले सक्षम प्राधिकारी से अनुमति भी प्राप्त कर ली गई थी।

### गांदरबल में आतंकवादियों के दो मददगार गिरफ्तार

जम्मू कश्मीर पुलिस ने गांदरबल जिले में आतंकवादियों से कथित संबंधों में दो मददगारों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह बृहस्पतिवार को जानकारी दी। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने बुधवार देर रात गुंडरेहमन पुल पर जांच के दौरान दो लोगों को हिरासत में लिया और उनके पास से हथियार, गोला-बारूद और 8.40 लाख रुपये नकद बरामद किया है।

## श्रीलंका की नौसेना ने आपदा में सहायता के लिए भारत और अन्य देशों के जहाजों को सम्मानित किया

**कोलंबो :** श्रीलंका की नौसेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि चक्रवाती तूफान दित्वा के कारण हुई तबाही के बाद देश को सहायता प्रदान करने के लिए भारत के दो जहाजों सहित आठ विदेशी जहाजों को सम्मानित किया गया है। श्रीलंका की नौसेना के प्रवक्ता कमांडर संपथ ने यहां बताया कि प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने मदद के लिए संबंधित देशों के राजनयिक अधिकारियों के एक समूह के प्रति व्यक्तिगत रूप से आभार व्यक्त किया। बीते नवंबर में श्रीलंका में आए चक्रवाती तूफान दित्वा के कारण पूरे देश में व्यापक बाढ़, भूस्खलन और बुनियादी ढांचे के गंभीर रूप से ध्वस्त होने से देश की आपदा-प्रतिक्रिया क्षमता पर गंभीर दबाव पड़ा था। दित्वा के कारण 600 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत और एक अन्य जहाज आईएनएस उदयगिरि बचाव और राहत कार्यों में सबसे पहले शामिल हुए।

## हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में कार ट्रक से टकराई, तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बृहस्पतिवार को एक खड़े ट्रक से एक गाड़ी के टकरा जाने के कारण तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार तड़के तीन बजे चारों दोस्त कुल्लू लौट रहे थे, तभी उनकी गाड़ी सड़क किनारे एक चबूतरे से टकराकर एक खड़े ट्रक से जा भिड़ी। पुलिस ने कहा कि वे नव वर्ष की पूर्व संध्या और स्थानीय टैटू कलाकार सतपाल का जन्मदिन मनाने के लिए कसोल आए थे। अधिकारियों ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया, जिससे कुल्लू जिले के सतपाल (25) , कशीश तथा लाहौल एवं स्पीति की अंकिता की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार चौथी रतिंजलि को मंडी के मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर किया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। रतिंजलि भी कुल्लू की रहने वाली थी। पुलिस के मुताबिक, इस दुर्घटना के सिलसिले में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच चल रही है। उसने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव मृतक के परिजनों को सौंप दिये जाएंगे।

## 2025 में देश में 166 बाघों की मौत, मध्यप्रदेश में सर्वाधिक 55 बाघों ने गंवाई जान



**भोपाल :** देश में वर्ष 2025 के दौरान विभिन्न कारणों से कुल 166 बाघों की मौत हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 40 अधिक है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के ताजा आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। आंकड़ों के अनुसार, देश का 'टाइगर स्टेट' कहा जाने वाला मध्यप्रदेश बाघों की मौत के मामलों में शीर्ष पर रहा, जहां वर्ष 2025 में 55 बाघ मृत पाए गए। इसके बाद महाराष्ट्र में 38, केरल में 13 और असम में 12 बाघों की मौत दर्ज की गई। इन 166 मृत बाघों में 31 शावक शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बाघों के बीच क्षेत्रीय संघर्ष मौत का प्रमुख कारण रहा है, जिसका मुख्य कारण जंगलों में स्थान की कमी है। आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2024 में देश में 126 बाघों की मौत हुई थी जबकि 2025 में यह संख्या बढ़कर 166 हो गई। महाराष्ट्र के ब्रह्मपुरी वन मंडल में वर्ष 2025 में बाघ की पहली मौत दो जनवरी को दर्ज की गई, जहां एक वयस्क नर बाघ मृत पाया गया। इसके तीन दिन बाद मध्यप्रदेश के पेंच बाघ अभयारण्य में एक मादा बाघ की मौत हुई। हालिया मामला 28 दिसंबर को मध्यप्रदेश के सागर के उत्तर क्षेत्र से सामने आया, जहां एक वयस्क नर बाघ मृत पाया गया। बाघों पर लंबे समय से शोध कर रहे वन्यजीव विशेषज्ञ जयराम शुक्ला ने कहा कि देश में बाघों की आबादी संतृप्ति स्तर पर पहुंच रही है। उन्होंने कहा, बाघों के लिए क्षेत्र तय करने की जगह सीमित होती जा रही है। इसी वजह से वे आपस में संघर्ष कर रहे हैं और इसकी कीमत जान देकर चुका रहे हैं। मध्यप्रदेश के संदर्भ में शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2014 के बाद से राज्य में बाघों की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया, यह वृद्धि अभूतपूर्व है।

### ईडी ने धनशोधन मामले में 'विनजो' ऐप की 192 करोड़ रुपये की जमा राशि के लेन-देन पर रोक लगाई

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने ऑनलाइन मनी गेमिंग ऐप 'विनजो' की अकाउंटिंग फर्म में तलाशी अभियान चलाया और 192 करोड़ रुपये के नयी बैंक जमा राशि, म्यूचुअल फंड और सावधि के लेन-देन पर रोक लगा दी है। ईडी ने कंपनी के लेखा परीक्षक के कार्यालय में 30 दिसंबर को छापा मारा था। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि तलाशी के दौरान 'जेडओ गेम्स प्राइवेट लिमिटेड' (विनजो प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली भारतीय सहायक कंपनी) के पास मौजूद लगभग 192 करोड़ रुपये की ''अपराध की आय'' के लेन-देन पर रोक लगा दी गई है।




वर्ष 10, पूर्णांक 3461 अंक 271, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in